


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार


# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-144 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अगस्त 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## एक नजर

### निर्माणाधीन फूड पार्क में संचालित गुटखा फैक्ट्री में पुलिस की दबिश



**भिलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटिया के एक निर्माणाधीन फूड पार्क में दो महीने से संचालित अवैध गुटखा फैक्ट्री में पुलिस ने दबिश दी है पुलिस ने मौके से लाखों रुपये का गुटखा और गुटखा बनाने का कच्चा माल समेत पैकिंग का सामान जब्त किया है गुटखा तस्करी के ही आरोप में जेल बंद एक तस्कर अपने बेटे के माध्यम से इस फैक्ट्री का संचालन करवा रहा था नंदिनी पुलिस ने गुटखा को जब्त कर आगे की जांच शुरू की है नंदिनी टीआई राजे मिश्रा ने बताया कि ग्राम पोटिया में घराना फूड पार्क में एक होटल का निर्माण चल रहा है वहां पर अभी टीन शेड बना है जहां पर सितार ब्रांड के जर्दायुक्त गुटखा का निर्माण किया जा रहा था रात को जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर कई मजदूर गुटखा बनाने और उसकी पैकिंग का काम कर रहे थे गोदाम में करीब एक ट्रक तैयार किया जा चुका गुटखा मिला साथ ही एक माजदा में लोड गुटखा भी पकड़ा गया उक्त गुटखा फैक्ट्री का संचालक गुरुमुख जुमनानी है गुरुमुख जुमनानी दीपक नगर दुर्ग का निवासी है और वह वर्तमान में जेल में बंद है इस फैक्ट्री का काम उसका बेटा संभालता था बताया जा रहा है कि गुरुमुख जुमनानी जेल के भीतर से फोन पर बात कर अपने बेटे को काम के संबंध में निर्देश भी देता था गुरुमुख जुमनानी काफी पुराना गुटखा तस्कर है पूर्व में पुलिस ने राजनांदगांव के सोमनी में एक साबुन फैक्ट्री की आड़ में संचालित गुटखा फैक्ट्री को पकड़ा था और उसे सील किया था इसके बाद भी उसका काम जारी है और वह जर्दायुक्त गुटखा बनाकर उसकी तस्करी कर रहा है लाखों रुपये का जर्दायुक्त गुटखा पाउच, पैकिंग मशीन जब्त जेल में बंद गुटखा तस्कर का बेटा संचालित कर रहा था।

### गाली देने से मना किया तो मारा चाकू

**भिलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र घर के पास गाली गलौज करने से मना करने पर नाराज आरोपित के अपने पड़ोसी युवक के पेट में चाकू घोंप दिया घटना के दौरान वहां उपस्थित पीड़ित युवक के चाचा ने बीच-बचाव किया तो आरोपित ने उसे भी चाकू मार दिया घटना की जानकारी मिलने पर नंदिनी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की और घटना के दूसरे दिन उसे गिरफ्तार किया।



### शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव स्कूल भवन के जीर्णोद्धार के लिए दिया आवेदन

**दुर्ग, 22 अगस्त।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। आज जनदर्शन में 112 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर जनदर्शन में पाटन निवासी कृषक ने खेत में पानी एवं रास्ता दिए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि अनावेदक के खेत से होकर मेरे खेत में नहर पानी जाता है। वर्तमान में अनावेदक द्वारा मेरे खेत में आने जाने वाले रास्ते एवं नहर पानी को ले जाने नही दिया जा रहा है, जिसके कारण वह कृषि कार्य करने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

इसी प्रकार बोरी निवासी ने स्वयं की शेष कृषि भूमि पर अनावेदक द्वारा आम रास्ता बनाए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मेरे जीविका का एकमात्र साधन कृषि भूमि है, जिससे मै अपने परिवार का भरण पोषण करता हूॅं। किन्तु अनावेदक द्वारा मेरे शेष बची कृषि भूमि पर बिना किसी न्यायलयीन आदेश व विधिक कार्यवाही के कृषि भूमि पर आम रास्ता बना लिया गया है, जिसके कारण हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बोरी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

#### तीसरे दिन सेक्टर-8 में निकाली गई प्रगति यात्रा

# विधायक ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा के तीसरे दिन सोमवार को सेक्टर 8 में प्रगति यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान विधायक यादव ने वार्ड के नागरिकों को कई बड़ी सौगात दी। सेक्टर 8 में शुद्ध वाटर आर एटीएम लगाया जाएगा। इसके अलावा यहां बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी किया जाएगा। जगह-जगह विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। इस दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों को हाथों से ही सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। सोमवार को करीब 4 बजे विधायक यादव सबसे पहले सेक्टर 8 बैंक कॉलोनी पहुंचे। जहां वे रवि आर्या के घर गए। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला सामने विधायक को देख कर सब दंग रह गए। लोगों को अचानक समझ नहीं आ रहा था और वे चकित थे, स्वयं विधायक उनके घर आया है। फिर उन्होंने अंदर बिठाया चाय-पानी पिलाए। तब तक लोगों की भीड़ लग गई थी।

### इन विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ

सड़क 52 में बैडमिंटन कोर्ट बनाया जाएगा। जिसका आज भूमिपूजन किया गया। वीर हनुमान मंदिर भूमिपूजन एवं लोकार्पण, एसपीए एनपीए पेवर ब्लाक लगाया जाएगा। सड़क 45 के समीप बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया। उड़िया समाज टीन शेड, बाजार में वाटर एटीएम, सड़क 2 और 3 के बीच में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया गया। सड़क 5,6 के मध्यम बॉलीबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया गया।

### रात में 10 बजे तक करेंगे पैदल यात्रा

विधायक यादव लगातार पैदल यात्रा कर रहे है। सोमवार को प्रगति यात्रा का तीसरा दिन रहा। पहले वे 10 किलोमीटर सेक्टर 9 की पैदल यात्रा कर चुके है। इसके बाद 15 किलोमीटर की पदयात्रा सेक्टर 7 में किए। सोमवार को सेक्टर 8 में 6 किलोमीटर की पैदल यात्रा किए।

शाम को 4 बजे से यात्रा शुरू हुई। जो सड़क 52 से होते हुए सड़क 53, वीर हनुमान मंदिर एनपीए रोड से सड़क 45 होते हुए उडिया मंच की ओर से सड़क 16, फिर मार्केट एरिया, सड़क 12,13, 10,9 से सड़क 25 से 35 तक पद यात्रा किए। यहां रात में करीब साढ़े 8 बजे वार्ड के युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक हुई। शहर के विकास को लेकर लंबी चर्चा की गई। इसके बाद सड़क 29, 2,3 होते हुए बीएनएस स्कूल में वार्ड के सम्मानित नागरिकों के साथ रात्रि का भोजन किया और यात्रा का समापन किया गया।



### हनुमान मंदिर मैत्री नगर में धूमधाम से मनाया गया तीज मिलन

**कवर्धा, 22 अगस्त।** मां दुर्गा महिला मानस मंडली द्वारा रविवार को मैत्री नगर हनुमान मंदिर मैत्री नगर में तीज मिलन का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न किया गया । जहां पर महिलाओं ने भाग लिया राधा कृष्ण को झूला झुलाया भजन कीर्तन के साथ नृत्य का आयोजन भी किया गया जिसमें विशेष तौर पर हमारी महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती रमा सोनी, माधुरी पांडे, आरती पांडे, मंजू पांडे, कृष्ण मिश्रा सीमा शुक्ला, श्रुति तिवारी, पूर्णिमा सोनी लता मिश्रा, भावना उपाध्याय ने विशेष तौर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### स्कूली विद्यार्थियों ने किया अंजोरा ख रीपा भ्रमण

**दुर्ग ।** ग्राम अंजोरा (ख) में 2 करोड़ की लागत से स्थापित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का स्कूली विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। ज्ञातव्य है की छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रीपा अंतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृण करने, नव युवकों को उद्यमशीलता से जोड़कर उद्यमी बनाने व रोजगार प्रदाय करने की पहल करते हुए 2 अक्टूबर 2022 को योजना लागू की गई थी। प्रदेश में 301 रीपा स्थापित किए गए हैं। दुर्ग जिले में ही 12 रीपा स्थापित हैं जिसमे विभिन्न गतिविधियां संचालित है। विद्यार्थियों को नवाचार व उद्यमशीलता से जोड़ने के लिए अंजोरा ख में स्थापित प्लास्टिक उद्योग में निर्माण हो रहे पेट जार बॉटल, दोनापत्तल ,बेकरी का भ्रमण कराकर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### बीएसपी ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई, 22 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा कमकासुर तथा महकाकला में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 18 अगस्त को डुल्की माइंस के समीप स्थित कमकासुर ग्राम पंचायत में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 16 मरीजों ने अपना उपचार कराया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। 19 को महका कला में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 50 लोगों की जांच कराके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 14 पुरुष, 26 महिलाएं तथा 10 बच्चे शामिल थे। इस चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ ईषा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती फिरोजा जोसेफ, फार्मासिस्ट ए एस गौर, पंजीकरण हेतु शंभु तथा सीएसआर विभाग से श्रीमती सीता सिन्हा उपस्थित थी।



# ग्रीटिंग और राशन कार्ड का फर्क बखूबी समझते थे परसाई:तिवारी

**भिलाई, 22 अगस्त।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजनपीठ द्वारा शीर्षस्थ व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। छत्तीसगढ़ के चार व्यंग्यकारों लतीफ घोंघी, त्रिभुवन पांडे, प्रभाकर चौबे और विनोद शंकर शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत चर्चा भी की गई । दिल्ली से पधारे मुख्य अतिथि डॉ. रमेश तिवारी ने कहा कि हरिशंकर परसाई का समग्र जीवन बेचैनी भरा रहा है। मिथकों और लोक मान्यताओं को समाहित कर जो लेखन उन्होंने किया ,वह बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में संघर्ष नहीं है, तो व्यंग्य भी नहीं हो सकता। परसाई की रचनाओं का विशद विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रीटिंग कार्ड और राशन कार्ड का फर्क वे बखूबी समझते थे। इस मौके पर व्यंग्य लेखिका डॉ. स्नेहलता पाठक ने विनोद शंकर शुक्ल पर केंद्रित वक्तव्य में कहा कि वे जितने अच्छे रचनाकार थे उतने ही बेहतर इंसान थे। व्यंग्यकार प्रभाकर चौबे के पुत्र जीवेश प्रभाकर ने अपने पिता को उनकी रचनात्मकता और निजी जीवन में पारिवारिक जिम्मेदारी को सहज रूप



से निभाने वाले पालक की तरह स्मरण किया। व्यंग्यकार लतीफ घोंघी पर ईश्वर शर्मा ने कहा कि व्यंग्य में परिस्थिति जन्य हास्य का मिश्रण होना चाहिए जो लतीफ घोंघी ने बखूबी किया। डॉक्टर करीम घोंघी ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा किया। व्यंग्यकार त्रिभुवन पांडे पर अंचल के वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव ने कहा कि अमूमन लेखन की शुरुआत कविता, लघुकथा आदि से होती है किंतु वे ऐसे रचनाकार थे जिन्होंने लेखन की शुरुआत उपन्यास से की । आयोजकीय वक्तव्य में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजनपीठ के अध्यक्ष ललित कुमार ने कहा कि देश के शीर्षस्थ व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की जन्मशताब्दी के बहाने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आदमीयत को कायम रखने वाले रचनाकार का स्मरण करना है। उन्होंने अपनी रचना आदमी और पेड़ का वाचन करते हुए बताया कि अगर भविष्य को जानना है तो अतीत को भी याद रखना होगा। संचालन वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे और आभार व्यक्त कुबेर सिंह साहू भोढ़िया ने किया। आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र कुमार ठाकुर, डॉक्टर देवेंद्र कुमार पाठक, डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, संतोष झांझी, विद्या गुप्ता, कैलाश बनवासी, डॉक्टर डीपी देशमुख, डॉक्टर सुनीता वर्मा, अनीता करडेकर, डॉ संजय दानी, डॉ निर्मला परगनिहा, संजय पेंढारकर, डॉ अनुराधा बख्शी, आलोक शर्मा, अरविंद पांडे, प्रफुल्ल चन्द्र, अशोक शर्मा, गुणवंत जे गुंडेचा, अपराजित शुक्ल, गिरवर दास मानिकपुरी, अविनाश सिपहा, रामसजीवन ताम्रकार, लखन लाल साहू लहर, प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ नौशाद अहमद सिद्दीकी, शुचि 'भवि', आभा रानी शुक्ला, डॉ दीनदयाल साहू, एन एल मौर्या प्रीतम, निर्मलचंद्र शर्मा, विनय शुक्ला, हितेश साहू, सनत कुमार मिश्रा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्य रसिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण से की पुनः दावेदारी, ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अगस्त।** प्रदेशभर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है जिसे देखते हुए कांग्रेस पार्टी की अपनी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं के लिए उम्मीदवारी की प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू हो गई है इसी कड़ी में सोमवार को वर्तमान दुर्गग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू ने सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ पुनः अपनी दावेदारी का आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को दिया।इस अवसर पर विधायक ताम्रध्वज साहू ने कहा मुझे जिस प्रकार समस्त कांग्रेसजन और क्षेत्रवासियों का अभी तक सहयोग और आशीर्वाद मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में मैं उनकी भावनाओं के अनुरूप कार्य करूंगा। मैं कांग्रेस जन और क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपेक्षा करता हूं। उक्त अवसर पर भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण निर्मल कोसरे, ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार सेन, मुकुंद भाऊ,प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष



देवेंद्र देशमुख,महापौर रिसाली शशि सिन्हा उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकर, चंद्राकार,अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, जिला पंचायत सद्स्य लक्ष्मी साहू, ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पुष्पा साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख, भीषम हिरवानी ,लोकनाथ साहू,रोहित साहू, हरेंद्र देव,तुलसी देशमुख, नंदकुमार साहू,तारा शर्मा,पिलेश्वर साहू,पुकेश चंद्राकार,प्रशांत पांडे,निरंजन राजपुत,दिवाकर गायकवाड़,डिकेंद्र हिरवानी,राकेश हिरवानी , विकास चंद्राकार , कैलाश सिन्हा, कमल नारायण,रविन्द्र सिन्हा,लाल जी गुप्ता,रिझन ठाकुर, भरत निषाद,राजेंद्र ठाकुर,हेमंत देशमुख,मनोज पावर, देवराज चतुर्वेदी, लक्ष कुमार, घसिया देशमुख,रमेश,जीवन लाल,रोशन,देवलाल, धरम साहू,देवलाल, भीषम चौधरी, हीरालाल,जे डी चेलक, बेकुंट महानद,योगेश चंद्राकार,दिलीप साहू,अरुण वर्मा,खुमेश यदु, गोवर्धन बारले, शिवनारायण दिल्लीवार, योगेंद्र भारतीय,अनिल देशमुख, डिहार विषकर्मा,मनोज चंद्राकार,महेश कौशिक, द्वारिका,प्रदीप पाटिल, प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू,राजेश साहू,रोशन साहू, प्रेमचंद सोनबोईर,मनोज साहू,अनिल चतुर्वेदी,तेजराम चंदेल सहित,नगर निगम रिसाली पार्षद गण,एल्डरमैन,युवा कांग्रेस ,महिला कांग्रेस सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मृतक के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 22 अगस्त ।** कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खपरी, तहसील धमधा, जिला दुर्ग निवासी गौतम यादव की विगत 10 जून 2021 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार वार्ड नं. 1 डबरा पारा, पंचशील नगर, तहसील व जिला दुर्ग निवासी दिनेश कुमार की विगत 28 अगस्त 2022 को सर्प काटने पर एवं टंकी मरोदा, दुर्गा चौक, तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री रामबहादुर सन्यासी की विगत 28 अगस्त 2022 को तालाब में नहाते वक्त डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी।

# बच्चों ने बनाई एक से बढ़कर एक कलात्मक वस्तुएं,सभी ने की तारीफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिंघनपुरी/कवर्धा, 22 अगस्त।** कला की एवं कलात्मक वस्तुओं की मनुश्य व समाज दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका होती है और यदि कलाकार निरर्थक वस्तुओं में भी कलाकारी प्रस्तुत कर दे तो बात ही कुछ अलग होती है। इसी उक्ति को चरितार्थ करते हुए रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में ''बेस्ट आउट ऑफद वेस्ट'' अर्थात् निरर्थक वस्तुओं को अपनी कला के माध्यम से सार्थक बनाने का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को चार सदन संस्कार, रीति, परंपरा व संस्कृति सहित कक्षा 1लीं से 12वीं के वर्ग में विभाजित किया गया। कलात्मक वस्तुओं की श्रृंखला में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनभावक चीजें जैसे गत्ता से चंद्रयान, पेपर कप से लैंप, टेऊ पेपर बैग, घर, सोलर-सिस्टम, फ्लॉवर पॉट, आईसक्रीम चम्मच से झूला, स्वागत सीनरी, पेन स्टैण्ड, जैमबॉटल से लैम्प एवं नारियल के खोटली से कप एवं कैलेन्डर जैसे प्रतिरूप प्रदर्शित किए। ये सभी सामग्री बच्चों ने बहुत ही न्यूनतम खर्च में तैयार किए। वहीं दूसरी कड़ी में प्रतियोगिता की रेस में नन्हें-मुन्ने भी पीछे नहीं रहे, नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों में मेमोरी कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। बच्चों की इस प्रतिभा से अभिभूत विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने बच्चों के सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के इस प्रकार की प्रतिभा की खूब सराहना तथा प्रशंसा की ।









# 5 करोड़ से होगा विकास,पुरैना में बनेगा कौशल्या माता चौक:ताम्रध्वज साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सद्स्य एवं प्रदेश के लोक निर्माण, गृह व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सोमवार को 53 कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्रामीण परिवेश वाले पुरैना और डुण्डेरा के आधा दर्जन वार्डो में 5 करोड़ 34 लाख 49 हजार से विकास होगा। मंत्री ने कहा कि नागरिकों की मांग पर विकास होता है। गृहमंत्री ने कहा कि सांसद रहते वे पहली बार पुरैना आए थे। तब यहां की स्थिति अलग थी। विधायक और मंत्री रहते वे कई बार आए। नागरिकों की मांगों को सूचीबद्ध कर कार्यो को मूर्त रूप दिया। उन्होंने विकास के नए आयाम के लिए नागरिकों की मांग को प्रमुख होना बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर शशि सिन्हा व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसी, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, परमेश्वर पार्षद पार्वती महानंद, रंजीता बेनुआ, रोहित धनकर, खिलेन्द्र चन्द्राकर, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ओमप्रकाश मिर्झा, सुनंदा चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, जी राहूल व तरुण बंजारे आदि उपस्थित थे।



### चौक का सौंदर्यीकरण

गृह मंत्री ग्रामीण परिवेश वाले वार्डो का भूमिपूजन करने के बाद दोपहर 2 बजे मैत्री नगर पहुंचे। उन्होंने यहां पर चौक सौंदर्यीकरण के तहत परशुराम चौक निर्माण करने भूमिपूजन किया। इसी तरह पुरैना में कौशल्या माता चौक का निर्माण किया जाएगा।

### पौनी पसारी का लोकार्पण

गृहमंत्री ने पुरैना में फुटकर व्यापारियों और परंपरागत व्यवसाय करने वालों के लिए बनाए पौनी पसारी का लोकार्पण किया। इसके अलावा सतनाम भवन डुण्डेरा का भी लोकार्पण किया। उन्होंने पुरैना में जर्जर हो चुके अटल आवास के मरम्मत के लिए भूमिपूजन किया।

### इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन

वार्ड 38 में स्टार्म वॉटर डेन 3 लाख, सीसी रोड 11 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, शा.प्रा.शाला में अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, शा.मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख, चैड़ीकरण 15 लाख, मार्ग संधारण 6.85 लाख, वार्ड 39 बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाख, बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाख, सीसी रोड 4 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, रोड चैड़ीकरण 8.78 लाख, बाउंड्रीवाल 5 लाख, बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाख, रोड निर्माण 4.57 लाख, वार्ड 40 चबुतरा निर्माण 1 लाख, मंच निर्माण 2 लाख, सीसी रोड 11 लाख, सांस्कृतिक भवन 20 लाख, शा. प्रा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, शा. मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख, शा. उच्च. मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 15.25 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, रोड चैड़ीकरण 9.04 लाख, पौनी पसारी निर्माण कार्य 30 लाख, सौंदर्यीकरण 19.59 लाख, अटल आवास मरम्मत कार्य 46 लाख, वार्ड 37 शा. प्रा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, शा. मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख, शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 5 लाख, सीसी रोड निर्माण 9.89 लाख, सीसी रोड संधारण 7.07 लाख, सतनाम भवन 7 लाख, वार्ड 35 नाली निर्माण 2.66 लाख, सीसी रोड संधारण 2.82 लाख, सीसी रोड 1.41 लाख, मंच संधारण 2.11 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, नाली निर्माण 20 लाख, रोड संधारण 2.20 लाख, वार्ड 36 सामुदायिक भवन 5 लाख, नाली निर्माण 3.87 लाख, नाली निर्माण 5.13 लाख, शा. प्रा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, शा. मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख, शा. उच्च. मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 15.25 लाख, रोड चैड़ीकरण 4.70 लाख, रोड चौड़ीकरण 7.01 लाख, रोड चौड़ीकरण 6.14 लाख, रोड चैड़ीकरण 15.29 लाख, सीसी रोड निर्माण 8.97 लाख, वार्ड 27 में सौंदर्यीकरण कार्य 16.09 लाख।

### नए सीएसपी ने संभाला पदभार

**भिलाई।** भिलाईनगर के नए सीएसपी विश्वदीप त्रिपाठी ने पदभार ग्रहण कर लिया है कार्यभार संभालने से पहले दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा से मुलाकात की त्रिपाठी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्य किया जाएगा



### निधन

### भीगेन्द्र सिंह राजपूत

भिलाई, 22 अगस्त। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सदस्य अधिवक्ता भीगेन्द्र सिंह राजपूत का विगत दिवस निधन हो गया । मृतात्मा की शांति के लिए अधिवक्ता संघ के सभागार के पास शोक सभा आहूत की गयी। मृत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष ने प्रार्थना की है।



आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023

## संक्षेप

### नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर,22 अगस्त।** बीजापुर के तर्रेम थानाक्षेत्र में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। मृतक रामा पूनेम चिन्नागेलुर का निवासी है। खबरों के अनुसार नक्सली 18 अगस्त को ग्रामीण रामा पूनेम को अपहरण कर अपने साथ ले गए थे। बीती रात हत्या किए जाने की खबर मिल रही है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। नक्सलियों के खौफ से मृतक के स्वजन पुलिस के पास मामला पंजीबद्ध कराने नहीं पहुंचे हैं।हालांकि इस घटना की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सीए के घर ईडी का छापा, 25 लाख नगद और सोना जब्त

**रायपुर,22 अगस्त।** ईडी की टीम ने राजधानी रायपुर के अवंती विहार इलाके में चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्षल सदवानी के घर पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि हर्षल, पीयूष भाटिया का चार्टर्ड अकाउंटेंट है। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप में हर्षल के खाते में लंबा ट्रांजेक्शन पाया गया है. 3 अलमारियों से भारी मात्रा में सोना और तीन बैग में करीब 20 से 25 लाख कैश समेत सीपीयू, मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर टीम आज सुबह 6 बजे रवाना हो गई है. साथ ही उनके घर स्थित ऑफिस को सील कर दिया गया है।

### 10 लाख का गुटखा जब्त

**दुर्ग,22 अगस्त।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नंदिनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने एक फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई की है, जिसमें जर्दा गुटखा का भंडार मिला है. यहां से लगभग 10 लाख रुपए का गुटखा जब्त किया गया है. वहीं इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि सूचना मिली कि नंदिनी एरिया में एक किराए की फैक्ट्री में गुटखा है. सूचना मिलते ही स्टाफ के साथ रात में दबिश दी गई, जहां गाड़ी में गुटखे को लोड किया जा रहा था. अचानक पुलिस की दबिश से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया.

एसपी ने बताया कि मकान किराए में लेकर इस फैक्ट्री में गुटखे की पैकिंग का काम होता था. डेढ़-दो माह से कार्य हो रहा था. पुलिस ने वाहन, पैकिंग मशीन व बड़ी मात्रा में गुटखा जब्त किया है. इधर मौका देखकर मैनेजर फरार हो गया. वहीं पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इस मामले में खाद्य विभाग को कार्रवाई के लिए सूचना दे दी गई है.

## चांद पर सफल लैंडिंग की तैयारी पूरी

**नई दिल्ली,22 अगस्त**

चांद पर सफल लैंडिंग की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो की तरफ से मिले ताजा अपडेट से भी पता चला है कि चंद्रयान-3 की स्थिति एकदम ठीक है। साथ ही सबकुछ तय कार्यक्रम के हिसाब से ही चल रहा है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि चंद्रयान-3 बुधवार (23 अगस्त) को शाम करीब 6 बजे चांद की सतह पर उतर सकता है। इसरो की तरफ से मंगलवार को भी बड़ा अपडेट आया है। स्पेस एजेंसी का कहना है, मिशन शेड्यूल के हिसाब से चल रहा है। सिस्टम्स की नियमित रूप से जांच की जा रही है। यान ठीक तरह से अंतरिक्ष में तैर रहा है। साथ ही




इसरो ने चांद की कुछ तस्वीरें भी साझा की है। बताया जा रहा है कि तस्वीरें करीब 19 अगस्त को करीब 70 किमी की ऊंचाई से ली गई हैं।

लैंडिंग की तैयारी कर रहे इसरो को भी सफलता हासिल करने का भरोसा है। एक अखबार से बातचीत में चीफ एस सोमनाथ ने कहा, हमें पूरा भरोसा है, क्योंकि अब तक सबकुछ सही चल रहा है और इस मोड़ तक कुछ भी परेशानी नहीं आई है। हमने पूरी तैयारियां कर ली हैं और सभी सिस्टम वैसे ही काम कर रहे हैं, जैसा हमें जरूरत है। उन्होंने आगे बताया, अब हम सिम्युलेशन्स, वेरिफिकेशन और सिस्टम के डबल वेरिफिकेशन्स के साथ लैंडिंग की तैयारी कर रहे हैं। आज और कल सिस्टम की जांच भी की गई है। चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम अब अपने कैमरे एलएचडीएसी से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ऐसी जगह तलाश रहा है, जहां बड़े पत्थर और गहरे गड्ढे न हों। जिससे कि 23 अगस्त शाम 6.04 बजे वह सॉफ्ट लैंडिंग कर सके। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने सोमवार को कहा कि विक्रम में लगा कैमरा खतरे का पता लगाने और बचाव में सक्षम है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र-इसरो के निदेशक नीलेश एम देसआई ने कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान-3 को उतारना उचित होगा या नहीं, इसका निर्णय लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं तो लैंडिंग को 27 अगस्त तक आगे बढ़ाया जा सकता है।

## आवेदक भी जानते हैं कि कौन कितना लायक है : भूपेश बघेल

**रायपुर,22 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**



कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की बढ़ती संख्या पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अच्छी बात है. जब अयोग्य व्यक्ति का चयन होता है, तो लोग उन्हें रिजेक्ट करते हैं. और जब योग्य व्यक्ति को टिकट मिलता है, तो वे सन्तुष्ट हो जाते हैं. आवेदक भी जानते हैं कि यहां कौन कितना लायक है. यदि कमतर को टिकट मिलता है, तो नाराजगी दिखती है. भाजपा के दूसरे राज्यों के विधायकों द्वारा छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि ड्यूटी लगती है. हम भी गए हैं. असम, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, झारखंड गए थे. वैसे ही वह भी आए हैं, कांग्रेस विधायकों की भी यहां ड्यूटी लगेगी. सरगुजा दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 4 संभाग में युवा संवाद के बाद यह पांचवा संभाग है, जहां युवाओं से मुलाकात होगी. युवा बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. युवाओं से मिलने में बड़ी खुशी मिलती है. ऊर्जावान हैं, और छत्तीसगढ़ के लिए क्या सपने देखते हैं. वह सभी अपनी बातें रखेंगे.युवा संवाद, भेंट-मुलाकात के बाद आगे की रणनीति को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि संकल्प शिविर जारी है. 14 विधानसभा में आयोजन हो चुका है. 26 तारीख से फिर इसकी शुरुआत की जाएगी. प्रतिदिन 3 विधानसभा में संकल्प शिविर का आयोजन होगा.



## सीएम से मिलकर गदगद हुए विद्यार्थी

### भूपेश बघेल को स्कैच व पेंटिंग भेंट

**अंबिकापुर,22 अगस्त।** सरगुजा संभाग के युवाओं से भेंट-मुलाकात करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अंबिकापुर के हॉकी स्टेडियम पी.जी. कॉलेज मैदान पहुंच गए है। वहीं सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर, माल्यार्पण एवं राजगीत के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वागत में सरगुजा के केआर कॉलेज के छात्र अंकित गुप्ता, आई एन आर सी कॉलेज की छात्रा वैशाली, पी जी कॉलेज की छात्रा अनु विश्वकर्मा, होलीक्रॉस कॉलेज की छात्रा मानसी चौरसिया ने मुख्यमंत्री को स्केच भेंट किया। पी जी कॉलेज कोरिया के छात्र कृष्णा राजवाड़े तथा एन ई एस कॉलेज जशपुर के छात्र हेमराज राम ने पेंटिंग भेंट की। कार्यक्रम के मुख्य मंच में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री अमरजीत भगत, सांसद दीपक बैज, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष प्रेम साय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, सलाहकार राजेश तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित हैं। अम्बिकापुर मुख्यालय के पी. जी. कॉलेज हॉकी स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में भारी जोश के बीच विभिन्न जनप्रतिनिधि, सरगुजा संभाग के 6 जिलों कोरिया, मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी, सूरजपुर, बलरामपुर -रामानुजगंज व जशपुर के युवाओं के बीच मुख्यमंत्री का हुआ आगमन। मंच में आने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पहुंचे। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया।

### गुरु बालदास का भाजपा प्रवेश

**रायपुर,22 अगस्त।** सतनामी समाज के गुरु गुरु बालदास ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है उन्होने कहा कि सामाजिक तौर पर बहुत उपेक्षा हुई है. भेदभाव किया. समाज के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं किया. सम्मान मिला तो इधर आ गए. इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बेटे गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी की है. सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की सदस्यता दिलाई. गुरु बालदास के साथ उनके पुत्र सौरभ साहेब एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत गोसाई भी भाजपा में शामिल हुई. इस दौरान प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विधायक शिवरतन शर्मा मौजूद थे. बता दें कि वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के पहले गुरु बालदास कांग्रेस में शामिल हुए थे. लेकिन कोई पद नहीं मिलने से काफी दिनों से नाराज चल रहे थे. गुरु बालदास का प्रदेश के एससी सीटों पर बड़ा प्रभाव है.

## रायपुर की सीटों के लिए कई नेताओं ने ठोकी दावेदारी

**रायपुर,23 अगस्त।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए टिकट पाने दावेदार खुलकर सामने आ रहे हैं. टिकट के लिए आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है. कांग्रेस भवन में दावेदारों का शक्ति प्रदर्शन जारी है. कांग्रेस के नेता ढोल-नगाड़ों

सूर्यमणि मिश्रा ने भी अपना आवेदन पश्चिम विधानसभा से सौंपा.धनंजय ठाकुर ने आवेदन देने से पहले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की. वहीं विकास ने कांग्रेस भवन की आरती उतारी और कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद लिया.

विधानसभा से आवेदन किया है. कांग्रेस नेता सुनील कुकरेजा ने भी रायपुर उत्तर से दावेदारी पेश की है. अजीत कुकरेजा, डॉ. राकेश गुप्ता, राकेश धोतरे, पंकज मिश्रा, अमर गिदवानी, हरदीप सिंह होरा ने भी उत्तर से दावेदारी की है. रायपुर दक्षिण से पुष्पेंद्र




के साथ आवेदन करने पहुंच रहे हैं. रायपुर पश्चिम से प्रदेश प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने दावेदारी पेश की. उन्होंने अपना आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को दिया. विधायक विकास उपाध्याय, आरडीए उपाध्यक्ष

आरडीए उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा ने भी पश्चिम विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है. उन्होंने अपना आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को दिया. अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा ने उत्तर

परिहार और कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल ने भी आवेदन किया है. वहीं तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू ने रायपुर ग्रामीण और कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल ने रायपुर पश्चिम से दावेदारी पेश की है.

## ई-रिक्शा पलटने से स्कूली बच्चे घायल

**भिलाई,22 अगस्त।** अंडा थाना क्षेत्र मंगलवार की सुबह स्कूल वैन ई रिक्शा पलटने से कई स्कूली बच्चे घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अस्पताल पहुंचकर बच्चों की कुशलक्षेम जाना तथा डॉक्टरों से बेहतर इलाज की बात कही मिली जानकारी के अनुसार निकुम स्थित आत्मानंद स्कूल बच्चे सड़क हादसे में घायल हो गए हैं तीन चक्का वाला वैन पलटने से यह हादास हुआ है घटना करीब सुबह 6.30 बजे का बताया जाता है स्कूल वैन पलटने से करीब 10 से 12 बच्चे घायल हो गए हैं घायल बच्चे तिरगा झोला व आसपास गांव के बताए जाते हैं बच्चों को इलाज के जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया सूचना मिलते गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू घायल बच्चों से मिलने अस्पताल पहुंचे सूत्र ने बताया कि स्कूल जाते समय सभी बच्चे शोर



मचा रहे थे जिसे ड्राइवर द्वारा पीछे पलट कर रोकने का प्रयास किया गया इस दौरान ई-रिक्शा सड़क से नीचे उतर गई और सड़क पर चढ़ने के प्रयास में पलट गई अंडा टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि आज सुबह ई रिक्शा से सभी बच्चे रोज की तरह स्वामी आत्मानंद स्कूल जा रहे थे सभी बच्चे प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के है ग्राम तिरगा एवं मध्य मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार 11 में से 9 बच्चे घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए दुर्ग जिला चिकित्सालय में लाया गया है कुछ बच्चों को गंभीर चोट एवं कुछ को मामूली खरोचे आई है सभी का उपचार किया जा रहा है

घायल बच्चों में हरपीत बेल चंदन पिता हिमाचल बेल चंदन 13 वर्ष ग्राम तिरगा, कुमारी निधि देशमुख पिता योगेश्वर देशमुख 11 वर्ष ग्राम तिरगा, कुमारी गुंजन पिता रोहित दिल्लीवार 11 वर्ष ग्राम तिरंगा, कुमारी देविशी बेलचंदन पिता मनीष बेलचंदन 10 वर्ष ग्राम झोला, कुमारी आदिति साहू पिता धन सिंह साहू 6 वर्ष ग्राम झोला, भावेश बेलचंदन पिता दीपक बेलचंदन 9 वर्ष ग्राम तिरगा, तुषार देशमुख पिता कमलेश देशमुख 10 वर्ष ग्राम तिरगा, वरुण बल चंदन पिता हिमाचल बेलचंदन 9 वर्ष ग्राम तिरगा, विपुल बेल चंदन पिता मनीष बेल चंदन ग्राम झोला को चोटें आई हैं इसके अलावा दो अन्य बच्चे सवार थे।

## छन्नी साहू पर हमला लॉ एण्ड ऑर्डर का मामला नहीं: सिंहदेव



**रायपुर,22 अगस्त।** विधायक छन्नी साहू पर हमला को लेकर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह मामला लॉ-ऑर्डर का नहीं है. एक शराब में धुत व्यक्ति ने अचानक हमला कर दिया. पर्दे के पीछे से किया गया. यह लॉ-आर्डर का मामला नहीं है. जो नशा करता था, उसने किन्हीं कारणों से ऐसी घटना कर दी. कहीं कुछ भी हो सकता है. जहां अचानक कुछ हो गया, तो कोई क्या कर सकता है. दावेदारी के लिए आवेदन को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रजातंत्रिक व्यवस्था है, खुला मंच है, सबके लिए पूरी संभावना है. जो इच्छुक है, वह मांगे. खेल होते हैं, राजनीति है. कुछ लोग मजा लेते हैं, कुछ लोग दबाव बनाते हैं, कुछ लोग सुर्खियों में आना चाहते हैं, सब चलता रहता है.

अंबिकापुर से आवेदन को लेकर सिंहदेव ने कहा कि 100 दावेदार आने वाले हैं. चुनाव में किसी पक्ष का वॉकओवर नहीं मानना चाहिए. दावेदारी ज्यादा है. वहां स्पष्ट होता है कि कोई एक दावेदार नहीं है. जहां कम दावेदारी है, वहां पहले लोगों ने आकलन कर लिया है. इनमें से ऐसे प्रक्रिया में कई बार यह होता है.

## प्रत्याशी घोषित कर बीजेपी बुरी तरह फंस गई : बैज

**रायपुर,22 अगस्त।** प्रदेश में चुनावी माहौल गरमाया हुआ है. बयानों की छीटाकशी भी तेज हो गई है. सभी दल एक दूसरे पर तंज कसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. हाल ही भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है, जिसको लेकर अब पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बड़ा बयान देते हुए कहा, बीजेपी प्रत्याशी घोषित करने के बाद पूरी तरह से फंस गई है. 21 प्रत्याशियों को देखेंगे तो हर विधानसभा में उनका विरोध हो रहा है. उनके कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहे हैं. 21 प्रत्याशियों को भाजपा ने बलि का बकरा बनाया है. इस तरह से चलता रहा तो आने वाले महीने के अंत मे प्रत्याशियों को बदलना पड़ेगा.



वहीं सतनामी समाज के धर्मगुरू के भाजपा प्रवेश को लेकर दीपक बैज ने कहा, किसी को किसी दूसरे दल में जाना है तो आरोप लगाएंगे, लेकिन किसी के आरोप लगाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा. कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बेहतर काम हुआ है. सीधे गरीब जनता को सभी वर्गों को इसका लाभ मिला है. कोई राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी दल में शामिल हो रहे हैं, उस पर कुछ नहीं कहना है. इससे कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा. सभी समाजों के लिए हमने काम किया है.

मुख्यमंत्री भूपेश और उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा से लेकर सभी नेताओं ने आवेदन किया है. जो इच्छुक हैं, वह आज 5 तक आवेदन कर सकते हैं. कल ब्लॉक स्तर पर बैठक होगी. ब्लॉक स्तर से एक पैनल बनाकर पांच नाम जिला कमेटी को भेजेंगे जिला कमेटी पैनल बनाकर 31 अगस्त तक पीसीसी को भेजेंगे. पीसीसी नाम पर विचार विमर्श कर बैठक आयोजित करेंगे अपने दावेदारी पर दीपक बैज ने कहा, मैंने आवेदन अभी तक नहीं किया है. मेरा चुनाव लड़ना हाईकमान तय करेगा. कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से कार्यकर्ता और जनता की पसंद से प्रत्याशी चयन करेंगे. कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी जनता का प्रतिनिधि होगा और कार्यकर्ताओं के पसंद से होगा.

एक विधानसभा से एक से अधिक आवेदन को लेकर उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में सभी विधानसभा में आवेदन आए हैं. कांग्रेस पार्टी की मंशा है, अगर कोई कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम किया है तो उसका हक बनता है. सभी कार्यकर्ताओं को कह दिया है टिकट किसी एक को ही मिलेगी. सब लोगों को मिलकर उन्हें जिताना है. सभी कार्यकर्ता सहमत हैं.

दीपक बैज ने यह भी कहा कि, भाजपा ने कर्नाटक में बजरंगबली के नाम पर वोट मांगे, लेकिन कांग्रेस पार्टी को जनता ने आशीर्वाद दिया. छत्तीसगढ़ में राम भी हमारे साथ हैं, बजरंगबली भी हमारे साथ हैं. रीपा योजना में भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा, वहां के बेरोजगार काम कर रहे हैं. बेरोजगारों को सरकार काम दे रही है. उसको भाजपा शराबी कहती है, जो सीधा-सीधा छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है. 15 साल में इन्होंने रोजगार के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है.

## कई दिनों तक नहीं मिला खाना, बंधक बनाकर रखा गया

### लीबिया से लौटे भारतीयों की दर्दनाक कहानी

**त्रिपोली,22 अगस्त।** लीबिया में बीते छह महीनों तक फंसे 17 भारतीय सकुशल भारत लौट आए है। दिल्ली एयरपोर्ट पर जब इन भारतीयों ने अपनी सरजमीं पर कदम रखे तो उनकी आंखे नम हो गई। वहीं अपने परिवार से मिलकर खुशी के आंसू छलक पड़े। जानकारी के मुताबिक ये लोग फरवरी से अप्रैल के बीच इटली में नौकरी पाने के इरादे से गए थे। इन सभी को बीच में लीबिया में बेच दिया गया। मगर इन्होंने हार नहीं मानी और महीनों तक भारत सरकार से बात करने के बाद इनकी मेहनत रंग लाई और इनकी वतन वापसी हो सकी।

इन लोगों का दावा है कि इन लोगों को भारत से पहले दुबई ले जाया गया था। इसके बाद ये मिस्त्र पहुंचे और अंत में इन्हें लीबिया में एजेंट्स ने बेच दिया। एजेंट्स ने इन लोगों को अन्य देशों में भेजने के एवज में लाखों रुपयों की मांग की। इस दौरान भारतीयों से लगभग 12 से 14 लाख रुपये लिए गए, जिसका उन सभी को नुकसान हुआ है। कई लोग ऐसे थे जो अपनी जमीन बेचकर यहां से बाहर जाने के लिए निकले थे ताकि कुछ अच्छी कमाई कर सकें मगर ऐसान हीं हो सका।

लीबिया से सकुशल भारत लौटे राहुल ने बताया कि चार महीने पहले एक एजेंट ने धोखा देकर उसे लीबिया भेज दिया था। कई लड़के ऐसे थे जो बड़े माफिया के चंगुल में फंस चुके थे। उन्होंने अपनी आपबीती भी सुनाई है जिसे सुनकर लोग काफी परेशान हैं। उनकी बातों पर विश्वास करना मुश्किल है कि इन लोगों को बेरहमी के साथ इतना परेशान किया जाता था। राहुल के मुताबिक उन्हें 48-48 घंटों तक भूखा रखा जाता था। उनके साथ मारपीट करने से भी परहेज नहीं होता था। मारपीट होना रोज का काम हो गया था।

उन्होंने बताया कि एक भारतीय लड़के के पास फोन था, जो सभी ने छिपाकर रखा हुआ था। इस फोन के जरिए ही सभी लड़कों ने राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी को संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय की दखल देकर लीबिया से सभी भारतीय युवकों को सकुशल बाहर निकालने में मदद की। भारत लौटे युवकों का कहना है कि लीबिया में रहने से अच्छा नर्क है।

एक युवक परमजीत सिंह के मुताबिक उसे दुबई में एक व्यक्ति को बेच दिया गया था। ये व्यक्ति परमजीत के साथ लगातार मारपीट करता था। दुबई के बाद उसे लीबिया में बेचा गया था। एजेंट्स ने इन युवकों के साथ लगातार कई धोखाधड़ी की है। गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय के सतत प्रयासों से लीबिया में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंधक बनाये गए 17 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर भारत वापस लौट सके है। इन भारतीयों को सफलता पूर्वक स्वदेश लाने में ट्यूनिश में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में वहां भारतीय दूतावास के इस अच्छे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि '' मोदी सरकार द्वारा भारतीय समुदाय कल्याण कोष को मजबूत बनाना, खास तौर पर ऐसे अवसरों के लिए उपयोगी है।'' वहां भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने पंजाब और हरियाण से संबद्ध 17 भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक स्वदेश भेज दिया है जो फरवरी 2023 से लीबिया में हिरासत में थे।

संपादकीय

# जनता अपने विवेक से फैसला करती है

राजनीति में कोई नेता ऐसा नही कह सकता कि उसकी सब नकल करते हैं क्योंकि एक जगह से शुरुआत होती है, उसके बाद सब उसकी नकल करते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि सब एक दूसरे की नकल करते हैं। राजनीति में कापीराइट जैसा कुछ नहीं होता है, सारे राजनीतिक दल चुनावी घोषणा पत्र बनाते हैं। सब जनता से वही वादे करते हैं जो कई राजनीतिक दल चुनाव में कर चुके होते हैं। चुनावी वादा किसी क्षेत्र की जनता के लिए नया हो सकता है लेकिन राजनीतिक दलों के लिए नया नहीं होता है। जैसे भाजपा ने किसानों की मदद के लिए किसान सम्मान निधि शुरू किया तो राजनीतिक दलों को किसान की मदद करने का एक नया आइडिया मिला। इसके बाद राज्य सरकारों ने किसानों की मदद के लिए कई तरह की योजनाएं बनाई हैं और अपने राज्य के किसानों की मदद कर रहे हैं। हर राज्य की किसान योनना का नाम अलग हो सकता है, राशि कम या ज्यादा हो सकती है लेकिन मकसद तो एक ही है कि किसानों की मदद की जाए। हो सकता हो भाजपा को किसी देश या किसी राज्य से यह आइडिया मिला हो। भाजपा ने शुरू किया इसलिए नहीं जानने वाले उसे भाजपा का आइडिया कह सकते हैं लेकिन जो जानते हैं वह तो कहेंगे कि भाजपा ने किसी देश या राज्य सरकार की नकल की है। राहुल गांधी 2019 के चुनाव में हर गरीब परिवार को हर माह छह हजार रुपए देने की घोषणा की थी तथा कहा था कांग्रेस की सरकार आई तो गरीब परिवारों को हर माह छह हजार रुपए दिया जाएगा लेकिन राहुल गांधी की न्याय योजना पर देश ने भरोसा नहीं किया। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल राहुल गांधी की न्याय योजना को छत्तीसगढ़ में लागू किया है, यह योजना सफल है। सीएम भूपेश बघेल गोधन न्याय योजना,किसान न्यया योजना व भूमिहून मजदूर न्याय योजना के जरिए ग्रामीणों,किसानों व मजदूरों की मदद कर रहे हैं । भूपेश सरकार कह सकती है कि यह उसकी योजना है. लेकिन यह उसका आइडिया है, ऐसा नहीं कह सकती है। आइडिया तो एक हो होता है, किसी की मदद करना। भाजपा ने किसानों की मदद के लिए आइडिया ढूंढा. बाकी दलों ने इसी आइडिया पर दूसरे लोगों की भी मदद शुरू की है। कई बार शब्द पुराने हो जाते हैं तो शब्द बदल दिए जाते हैं और कहा जाता है कि यह हमारा आइडिया है तो वाकई में यह उनका आइडिया नहीं होता है वह आइडिया तो पुराना होता है, उसका मकसद भी पुराना होता है लेकिन शब्द नया होने से लगता है कि नया आइडिया है।जैसे चुनाव के वक्त पहले राजनीतिक चुनाव घोषणा पत्र जारी कर जनता को बताते थे कि उनकी सरकार बनी तो वह राज्य, देश व जनता के लिए क्या करेंगे। बाद सभी राजनीतिक दल यही करने लगे तो किसी दल ने अपने चुनाव घोषणा पत्र का संकल्प पत्र कहा किसी गारंटी पत्र कहा। अब चुनाव में राजनीतिक दल जनता को गारंटी देते हैं कि वह चुनाव जीते और उनकी सरकार बनी तो वह गारंटी के अनुसार काम करेंगे। राजनीतिक दलों का मानना है कि जनता वादा करने पर यकीन नहीं करती है क्योंकि कई बार दल वादा करके पूरा नहीं करते हैं लेकिन गारंटी दिए जाने पर दल मानते हैं कि जनता उस पर भरोसा करती है। आम आमदी पार्टी दावा करती है कि देश में गारंटी देना उसी ने शुरू किया है। बाकी राजनीतिक दल उनकी नकल कर रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में पांच गारंटी दी है। अब छत्तीसगड़ चुनाव के लिए आप ने नौ गारंटी दी है। गारंटी मतलब राजनीतिक दल यह भले ही समझते रहे कि जनता उस पर भरोसा कर वोट देगी लेकिन कई राज्यों में जनता ने गारंटी देनेवालों को भी नकर दिया है। जनता के पास अपना विवेक होता है, वह अपने विवेक से फैसला करती है। वह वादे पर भी यकीन करती है और गारंटी पर भी।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को खुश रखेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। बच्चे आज घर पर खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलकर आपको अपनी कई समस्याओं का हल मिल जाएगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपकी रूचि सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा रहेगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो बिजनेस में आपको लाभ दिलाएगा। आज आपका व्यक्तित्व लोगों को आपकी तरफ आकर्षित कर सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे। परिवार से इस पर विचार विमर्श करेंगे। बच्चे आज आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे । दिन को खास स बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे-छोटे तोहफे लोगों को दें। समय का सदुपयोग करना सीखें। आज आप कुछ रचनात्मक करने की कोशिश करें।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन खुशनुमा बना देगा । जो लोग अपने करीबियों या रिश्तेदारों के साथ मिलकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें आपस में ताल-मेल बैठकर काम करने की जरूरत है। अपना समय और ऊर्जा दूसरों की मदद करने में लगाएं, लेकिन ऐसे मामलों में पड़ने से बचें जिनसे आपका कोई लेना-देना नहीं है। जीवनसाथी के साथ हंसते-खिलखिलाते, हर पल का आनंद लेते हुए आप अच्छा महसूस करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। जिंदगी का भरपूर लुत्फ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखें। योग का सहारा लेंगे, जो आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखकर दिल और दिमाग को बेहतर बनाता है। आज किसी महिला की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपको अपनी सोच सकारात्मक रखकर कार्य करने की जरूरत है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। घर के जरूरतों को आज नजरंदाज न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आपको थोड़ी और मेहनत करने की आवश्यकता है। आज लवमेट्स आज एक-दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे, जिससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आपको जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे। दफ्तर के कामकाज में ज्यादा व्यस्तता के चलते आज आप घर देर से पहुंचेंगे। आज कोई व्यक्ति आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा। आज आप अपने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में प्राप्त हुआ धन आप दोबारा अपने बिजनेस में ही लगायेंगे। किसी आवश्यक कार्य में आपके भाई-बहन सलाह लेंगे । आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज परिवार के साथ आप घूमने जा सकते हैं। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लवमेट्स के व्यवहार में आये पॉजिटिव बदलाव से आपको प्रसन्नता होगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अचानक आए खर्चे आपको थोड़े उलझन में डाल सकते हैं, लेकिन आप जल्द ही सब नियंत्रण में कर लेंगे। आज आपके रूखे बर्ताव के कारण कोई आपकी बातों से असहमत हो सकता है। आज के दिन आप अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर करें। इससे आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

मकर राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका कोई पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। घर की समस्याओं को समझने के लिए आज घर के किसी वरिष्ठ शख्स के साथ आप वक्त गुजार सकते हैं। आज का दिन अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगा सकते हैं । छात्र आज कॉलेज द्वारा मिले प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल होंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। पहले किया गया निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आज आप आर्थिक मामलों को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लेंगे और उसे दूर करने के लिए कोई विचार करेंगे। आज आप अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान करेंगे। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है। आज जीवनसाथी आपसे किसी कार्य को पूरा करने के लिए सलाह लेंगे, आपकी सलाह कारगर साबित होगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके आस- पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व आपके काम को सराहेंगे। घर पर कोशिश करें कि आपका व्यवहार ज्यादा गुस्से वाला न हो, गुस्से पर नियंत्रण रखे, पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। कुछ लोगों से मिलाना आपके जीवन में नयापन लाएगा और आपको ख़ुशमिज़ाज रखेगा। घर पर मिले किसी पुराने सामान को देखकर आज आप खुश हो सकते हैं। मित्र से आज आपको कुछ अनोखा उपहार मिल सकता है। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

# सुरक्षा बलों में बढ़ता टकराव गहन चिंता का विषय

**गंभीर मुद्दा**

तनवीर जाफ़री



मणिपुर गत सौ दिनों से भी अधिक समय से हिंसा की आग में झुलस रहा है। हिंसक वारदातों के इस लंबे दौर में हत्याएं ,बलात्कार ,महिलाओं की नग्न परेड,घर व बस्तियां जलाने,बड़ी संख्या में धर्मस्थलों को जलाने जैसी तमाम दुर्भाग्यपूर्ण अपराधिक घटनायें हो चुकी हैं। परन्तु इन सबसे भयावह वारदात है मणिपुर में उन पुलिस व सुरक्षाबलों का विभाजित हो जाना व उनपर पक्षपाती होने का आरोप लगना,जिनपर राज्य में हिंसा को रोकने का ज़िम्मा है । माना जा रहा है कि यदि सुरक्षा बालों में धार्मिक व जातीय आधार पर विभाजन न हुआ होता तो तो राज्य में इतना ख़ून ख़राबा हुआ होता न ही इतनी हिंसक वारदातें हुई होतीं। मणिपुर से इस तरह की ख़बरें हिंसा भड़कने के पहले दौर से ही आनी शुरू हो गयी थीं कि मैतेयी व कुकी समुदाय से सम्बन्ध रखने वाले राज्य पुलिस के सुरक्षा कर्मियों द्वारा अपने अपने समुदाय के लोगों को सरकारी हथियार बांटे गये। तो कहीं शह पाये हुए इन्हीं उपद्रवियों द्वारा थानों व शस्त्रागारों से हथियार लूट लिये गये। ज़ाहिर है जब उपद्रवियों के हाथों में संगीन सरकारी शस्त्र हों और स्वजातीय पुलिस कर्मियों का भी खुला साथ हो तो हिंसा के तांडव को भला राज्य की कौन से मशीनरी रोक सकती है?

परन्तु जब जब देश के किसी भी राज्य में किसी भी कारणवश हिंसाअत्यधिक बढ़ जाती है या इसकी संभावना होती है और हालात राज्य की पुलिस के नियंत्रण से बाहर प्रतीत होते हैं तो ऐसे में सरकार वहां शांति बहाली के लिये अर्ध सैनिक बल यानी पैरा मिलिट्री फ़ोर्स की टुकड़ियां आवश्यकतानुसार तैनात करती है। यह विश्वास किया जाता है कि अर्ध सैनिक बल निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुये अपना कर्तव्यों का पालन करेंगे। अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियां किसी भी राज्य की पुलिस से अधिक प्रशिक्षित व आधुनिक शस्त्रों से लैस होती है। और यदि कहीं यह स्थिति अर्ध सैनिक बलों से भी नियंत्रित होती दिखाई नहीं देती तब वहां या तो सेना तैनात की जाती है या फिर राज्य पुलिस व अर्ध सैनिक बलों को शांति स्थापना के प्रयासों में सेना सहयोग करती है। हमारे देश में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संचालित होने वाले अर्ध सैनिक बल है- सीमा सुरक्षा बल, जोकि पाकिस्तान व बांग्लादेश से लगनी वाली सीमाओं पर तैनात रहती है। जबकि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सी आई एस एफ़ का काम उद्योग एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सुरक्षा करना होता है। इसी प्रकार केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल अर्थात सी आर पी एफ़ की तैनाती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में या आम चुनाव में की जाती है। इसी प्रकार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस आई टी बी पी को तिब्बत व चीन की सीमा पर लगाया जाता है। जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अर्थात एन एस जी को आतंकवाद के विरुद्ध होने वाले ऑपरेशंस में इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह सशस्त्र सीमा बल को देश की नेपाल व भूटान से लगी सीमा पर तैनात किया जाता है। अर्धसैनिक बालों की इसी श्रेणी में आने वाले एक प्रमुख सुरक्षा बल का नाम है 'असम राइफ़ल्स'। लगभग 64 हज़ार जवानों पर आधारित 'असम राइफ़ल्स' का प्रशासनिक कार्य केंद्रीय गृह मंत्रालय देखता है जबकि इसका परिचालन रक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाता है। 'असम राइफ़ल्स' के प्रशिक्षण के अनुरूप इसे पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों तथा भारत-म्यांमार सीमा पर तैनात किया गया है। पूर्वोत्तर में पूर्व में भी होने वाली हिंसा या उथल पुथल को नियंत्रित करने में 'असम राइफ़ल्स' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसे देश के सबसे अच्छे सैन्य सुरक्षा संगठनों में एक माना जाता है।




यही असम राइफ़ल्स पूर्वोत्तर के अशांत राज्य मणिपुर में भी विगत कई वर्षों से तैनात है। प्रशिक्षण के मुताबिक़ इसे मणिपुर के कई क्षेत्रों विशेषकर पर्वतीय इलाक़ों व म्यांमार से लगती सीमा के क्षेत्रों में तैनात किया गया है। उधर मणिपुर पुलिस पक्षपात के आरोपों का सामना कर रही है। कुकी समुदाय का भरोसा मणिपुर पुलिस से पूरी तरह उठ गया है वहीं असम राइफ़ल्स के ऊपर यह समुदाय भरोसा जता रहा है। ठीक इसके विपरीत मैतेयी समुदाय के लोग यहाँ तक कि भारतीय जनता पार्टी के अनेक विधायक व नेता भी मणिपुर के कई अशांत क्षेत्रों में असम राइफ़ल्स की तैनाती का विरोध कर रहे हैं। ग़ौर तलब है कि मणिपुर की कुल आबादी में मैतेई लोगों की तादाद लगभग 53 प्रतिशत है। और राजनैतिक व आर्थिक रूप से भी मैतेई समुदाय काफ़ी सुदृढ़ स्थिति में है। ये गैर-जनजातीय समुदाय है। इनमें अधिकांशतः हिंदू समुदाय के हैं। जबकि कुकी और नागा समुदाय की कुल आबादी 40 प्रतिशत के क़रीब है। राज्य के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय के ही हैं। स्वयं राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह भी मैतेई समुदाय के हैं।
.

पिछले दिनों मणिपुर के मैतेई समुदाय से संबंधित 31 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर मणिपुर से असम राइफ़ल्स की 9वीं, 22वीं और 37वीं बटालियन को हटाने की मांग की। इन विधायकों ने अपने पत्र में असम राइफ़ल्स की कुछ इकाइयों द्वारा कथित रूप से निभाई गई भूमिकाओं को लेकर चिंता व्यक्त की और उनकी तैनाती को राज्य की एकता के लिए ख़तरा बताया। मणिपुर राज्य की भारतीय जनता पार्टी इकाई ने भी गत 7 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर कहा कि 'राज्य में शांति बनाए रखने में असम राइफ़ल्स की भूमिका की काफ़ी आलोचना हो रही है और सार्वजनिक आक्रोश देखने को मिल रहा है'। भाजपा द्वारा प्रेषित इस ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 'असम राइफ़ल्स निष्पक्षता बनाये रखने में असफल रही और जनता ये आरोप लगा रही है कि उनकी भूमिका पक्षपातपूर्ण है जिसमें वो एक समुदाय का समर्थन कर रहे हैं'। दरअसल चूंकि असम राइफ़ल्स की तैनाती लंबे समय से प्रायः पहाड़ी और सीमा से लगते इलाक़े में है और यही कुकी बाहुल्य वाले इलाक़े भी हैं। इसी आधार पर कुकी और असम राइफ़ल्स के बीच घनिष्ठता का आरोप मैतेई समुदाय द्वारा लगाया जा रहा है।

ठीक इसके विपरीत कुकी समुदाय के भी दस विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मणिपुर से असम राइफ़ल्स को न हटाने की अपील की है। कुकी विधायकों ने कहा है की यदि असम राइफ़ल्स को यहां से हटाया गया तो राज्य में कुकी व अन्य आदिवासी समुदाय की सुरक्षा ख़तरे में पड़ जाएगी। असम राइफ़ल्स को मणिपुर से हटाने की भाजपाइयों की मांग के बीच अब यह भी सुनाई देने लगा है कि मणिपुर हिंसा कथित रूप से सीमा पार यानी म्यांमार से प्रायोजित है। इस तरह की ख़बरें असम राइफ़ल्स की दक्षता पर भी सवाल उठाने की ग़रज़ से दुष्प्रचारित की गयी प्रतीत होती हैं। सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर राज्य की तस्वीर बिलकुल साफ़ है कि मैतेई समुदाय को राज्य पुलिस पर विश्वास है, असम राइफ़ल्स पर नहीं जबकि कुकी व आदिवासियों को असम राइफ़ल्स पर विश्वास है मणिपुर पुलिस पर नहीं। और मणिपुर में फैली इस व्यापक हिंसा के मध्य इन दोनों ही सुरक्षा संगठनों के बीच टकराव के समाचार भी अब खुलकर सामने आने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर मणिपुर पुलिस ने असम राइफ़ल्स के सैनिकों के विरुद्ध बिष्णुपुर ज़िले के फोउगाकचाओ इखाई पुलिस स्टेशन में कथित रूप से काम में बाधा डालने, चोट पहुँचाने की धमकी देने और ग़लत तरीक़े से रोकने की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में आरोपित किया गया है कि 'असम राइफ़ल्स की 9वीं बटालियन के सैनिकों ने मणिपुर पुलिस के कर्मियों को अपना काम करने से रोका और कथित कुकी उग्रवादियों को सुरक्षित क्षेत्र में भागने का मौक़ा दिया'। ऐसे में सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के दौर में स्वयं सत्तारूढ़ दल के विधायकों व पार्टी द्वारा असम राइफ़ल्स जैसी देश की सीमाओं की रक्षा करने वाली एजेंसी के प्रति अविश्वास जताना और दूसरे कुकी आदिवासी समाज द्वारा इसी असम राइफ़ल्स के प्रति भरोसा करना और राज्य की उस पुलिस पर अविश्वास जताना जिसपर राज्य भर में शस्त्र बांटने और अपने शस्त्रागारों की रक्षा न कर पाने का भी इलज़ाम है और जो मणिपुर पुलिस सत्तारूढ़ भाजपा की भी 'पसंदीदा ' सुरक्षा एजेंसी है , यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियां आख़िर क्या संकेत देती हैं ? मणिपुर में शांति के प्रयासों के मध्य सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता अविश्वास देश के संघीय ढांचे तथा पुलिस व सुरक्षा बलों के मनोबल के लिहाज़ से चिंतनीय भी है और यह शुभ संकेत भी नहीं है।

# रामबोला से लेकर तुलसीदास तक का लंबा सफर

**जयंती 23 अगस्त**

डॉ सूर्यकांत मिश्र,राजनांदगांव



तकलीफों और कठिनाइयों से भी कोई महान बन सकता है , इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र से प्राप्त होता है । रामचरितमानस के रचनाकार गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे । उनके जीवन के संघर्ष ने ही उन्हें भगवान श्रीराम का भक्त बना दिया । आगे चलकर प्रभु रामचंद्र जी की कृपा ने ही उन्हें तुलसीदास से जनमानस के मार्गदर्शक संत तुलसीदास बना दिया । बचपन में रामबोला के नाम से पहचाने जाने वाले गोस्वामी तुलसीदास का संत बनना हिंदू धर्मावलंबियों और सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए वरदान बन गया । इस वर्ष अधिक मास होने से द्वितीय श्रावण शुक्ल सप्तमी 23 अगस्त को गोस्वामी जी की जयंती मनाई जाएगी । गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन भी एक साधारण मनुष्य की भांति ही चल रहा था । माताजी के जल्दी स्वर्ग सिधार जाने से वह अकेले हो गए । जब उनका विवाह हुआ तो वे पत्नी के प्रेम में डूब गए । उन्हें इस बात का एहसास भी नहीं हो पाया कि उनका पत्नी प्रेम कब आसक्ति बन गया ! पत्नी के मायके चले जाने पर वे दुखी रहने लगे । पत्नी के बिना मन ना लगने से वे रात में बिना कुछ विचार किए उफनती यमुना नदी को पार करने एक सहारे पर बैठ गए । जब वे किनारे पहुंचे तब उन्हें ज्ञात हुआ कि वे जिस सहारे की बदौलत पार उतरे हैं वह एक शव है !गोस्वामी तुलसीदास जी का प्रारंभिक जीवन कौतूहल भरी घटनाओं से भरा रहा है । नदी पार उतर कर जब वे अपनी ससुराल पहुंचे तब लाख प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुल पाया । पत्नी प्रेम के वशीभूत उन्होंने कक्ष में प्रवेश करने के लिए दीवार को लांघने का प्रयास शुरू किया । ऊंची दीवार को लांघने में वे कामयाब नहीं हो पा रहे थे । अचानक उन्हें दीवार पर एक रस्सी लटकी दिखी ,जो खिड़की पर टंगी दिख रही थी । उन्होंने झट से उस रस्सी को पकड़ा और दीवार पार कर गए । यहां भी नदी पार करते समय शव के सहारे की तरह ही वास्तविकता सामने आई , तब पता चला कि जिसे वे रस्सी समझ रहे थे वह वास्तव में एक बड़ा सांप था ! गोस्वामी जी जैसे ही अपनी पत्नी के कक्ष में पहुंचे , उनकी पत्नी लोक- लाज के भय से कांप उठी । वह अपने पति के इस प्रकार के व्यवहार से द्रवित हो उठी । उन्होंने उस वक्त के राम बोल पर अपनी पीड़ा उड़ेल दी और लोक लाज वश उन्हें तिरस्कृत करते हुए कहा -

लाज न आई आपको, दौरे आएहु नाथ,
अस्ति चर्म मय देह यह , ता सो ऐसी प्रीत ,
नेकु जो होती राम से , तो काहे भवभीत ।।

अर्थात मेरी हाड़ - मांस कि देह से प्रेम के बजाय अगर राम से इतना प्रेम किया होता तो जीवन सुधर जाता !

पत्नी द्वारा क्रोध में कही गई यही बातें थी , जिनके चलते रामबोला , तुलसीदास बनने के मार्ग में प्रशस्त हो चले । राम के नाम का अनवरत उच्चारण करने वाले तुलसीदास जी ने भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी की कृपा से रामचरितमानस की रचना कर डाली । यूं तो उन्होंने अन्यान्य ग्रंथों की रचना की , किंतु रामचरितमानस ने उन्हें युग कालीन संत बनाकर अमर कर दिया । तुलसीदास जी का जीवन अचंभित कर देने वाली घटनाओं से परिपूर्ण रहा है । भगवान श्री राम के दर्शन से पूर्व और हनुमान जी से मिलन से पहले भी ऐसी ही एक घटना का वर्णन मिलता है । ऐसी कथा सामने आती है जो उनके प्रेत से वार्तालाप का वर्णन करती है । कहा जाता है कि तुलसीदास जी अपने प्रभु श्री राम की तलाश में भटक रहे थे । बियाबान जंगल में वे एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए रुके । वह पेड़ सूखने की स्थिति में आ चुका था । गोस्वामी जी ने उसे जल दिया , जिससे पेड़ हरा- भरा होने लगा ! उसी पेड़ पर एक प्रेत का वास था । अपने घर को हरा-भरा होते देख प्रेत प्रसन्न हो गया और उसी ने गोस्वामी जी को हनुमान जी से मुलाकात का उपाय सुझाया ! अब तुलसीदास जी अपने आराध्य तक पहुंचने के लिए भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी से मिलने व्याकुल हो उठे । उनकी व्याकुलता समाप्त हुई और पवन पुत्र हनुमान से उनका मिलन हुआ । हनुमान जी ने उन्हें बताया कि वह प्रभु श्री राम के दर्शन चित्रकूट के घाट पर कर सकते हैं । अब उन्होंने राम घाट पर अपना डेरा जमा लिया ।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शनों की अभिलाषा लिए गोस्वामी जी कई दिन तक रामघाट पर डटे रहे । एक दिन उन्हें इसी मार्ग पर दो सुंदर युवक घोड़े पर सवार नजर आए । गोस्वामी जी तो अपने प्रभु की कल्पना कुछ और ही रूप में किए सुध - बुध खो बैठे थे । उन्होंने घुड़सवार युवकों को नहीं पहचाना । जब घुड़सवार उनके सामने से गुजर गए तब हनुमान जी प्रकट हुए और उन्होंने बताया कि वह घुड़सवार कोई और नहीं बल्कि प्रभु श्री राम और लक्ष्मण जी ही थे । तुलसीदास जी दुखी हो गए और सोचने लगे कि उन्होंने अपने प्रभु को कैसे नहीं पहचाना ? उन्हें दुखी देखकर बजरंगबली ने सांत्वना दी और कहा कि दुखी ना हों तुम्हें कल प्रातः पुनः प्रभु के दर्शन होंगे ! दूसरे दिन प्रातः तुलसीदास जी स्नान- ध्यान के बाद रामघाट में लोगों को चंदन लगा रहे थे । इसी बीच बालक रूप धरे भगवान श्रीराम वहां पधारे और कहने लगे - ÷ बाबा हमें चंदन नहीं दोगे ? ÷ अब हनुमानजी विचलित हो उठे ! उन्हें लगा कहीं इस बार भी गोस्वामी जी भूल ना कर बैठें ? हनुमान जी ने तोते का रूप धारण किया और मधुर वाणी में गाने लगे =-


चित्रकूट के घाट पर , भई संतन की भीर ।
तुलसीदास चंदन घिसें, तिलक देत रघुवीर ।।

बालक रूपी भगवान श्री राम को अपने समक्ष प्रकार तुलसीदास जी सुध - बुध खो बैठे । यह देख मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने स्वयं तुलसीदास जी का हाथ पकड़ कर अपने माथे पर चंदन टीका लगा लिया और तुलसीदास जी को भी टीका लगाकर स्वयं अंतर ध्यान हो गए ।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने आम जनों को विपत्ति से बचने बड़ी बात कही है =-

तुलसी साथी विपत्ति के , विद्या विनय विवेक,
साहस , सुकृत , सुसत्य व्रत, राम भरोसो एक

अर्थात किसी विपत्ति के समय आपको सात गुण बचाएंगे - आपका ज्ञान , आपकी विनम्रता , आपकी बुद्धि , आपके भीतर का साहस , आपके अच्छे कर्म , सच बोलने की आदत और ईश्वर में विश्वास । इसी तरह उन्होंने आज के मनुष्य को सावधान भी किया है वे कहते हैं



लसी पावस के समय , धरी कोकिलन मौन ,
अब तो दादुर बोलीहैं , हमें पुछिहै कौन ?

अर्थात जब बारिश का मौसम होता है , तब मेंढकों की टरटराने की आवाज़ इतनी तेज हो जाती हैं कि उसके सामने कोयल की आवाज भी कम लगने लगती है । जब मेंढक जैसे मूर्ख लोग अधिक बोलने लगते हैं तब समझदार लोग मौन धारण कर लेते हैं । वे अपनी ऊर्जा को व्यर्थ नहीं जाने देते । समय अपने आप ही सही गलत का निर्णय करा देता है।

# अगला राजा कौन

**व्यंग्य**

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

राजा की सफेद दाढ़ी अब डाई करने के बाद भी काला पड़ने का नाम नहीं ले रही थी। ऊपर से रह-रहकर बुखार आता था। खाँसने की बीमारी अलग। राजवैद्य ने राजा को समझाया कि अब आप रैलियों में ज्यादा भाग मत लिया करें। इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। हो सके तो अपना उत्तराधिकारी ढूँढ़ लीजिए और अपना राज-काज उसे सौंप दीजिए। राजा अपने चिर-परिचित अंदाज में भाइयो और बहनो! कहते भाषण देने के लिए तैयार हुए ही थे कि राजवैद्य ने उनके हाव-भाव को भाँप लिया। ऐसा करने से उन्हें रोक दिया और कहा कि यहाँ भाइयो और बहनो! जैसे कोई जीव नहीं है। इसलिए यह सब छोड़िए और अपने राजपाट के उत्तराधिकारी के बारे में सोचिए।

राजा लंबी सोच में पड़ गए। आखिरकार उन्होंने तीनों उत्तराधिकारियों योगी, भोगी और ढोंगी को अपने पास बुलाया। कहा - अब मैं बूढ़ा हो चला हूँ। राजपाट छोड़ने का मन तो नहीं कर रहा है, किंतु समय के सामने किस का जोर चलता है। इसलिए निर्णय किया है कि अपना राजपाट तुम तीनों में से किसी एक को सौंप दूँ। चूँकि मैं इतना बड़ा राजपाट यूँ ही किसी को नहीं दे सकता इसलिए एक परीक्षा रखना चाहता हूँ। इस परीक्षा में जो सफल होगा उसी को राजपाट सौंप दिया जाएगा। तीनों मान गए। राजा ने तीनों को एक-एक हजार दिए। कहा- महल के पीछे एक छोटा सा कमरा है। कमरा खाली है। इसलिए हजार रुपए से ऐसी चीज़ खरीदो कि कमरा भर जाए।

तीनों राजकुमारों को पिता की बात अच्छी लगी। तीनों बाजार गए। योगी ने हजार रुपए से मिट्टी खरीदी। उसे कमरे में फेंकवा दिया। किंतु मिट्टी कमरे के एक कोने भर को भरने के लिए पर्याप्त हुई। राजा काफी निराश हुए। उन्होंने योगी से कहा खुदाई कर-कर के तुम्हारे दिमाग में मिट्टी भर गई है। तुम मेरे उत्तराधिकारी कतई नहीं बन सकते। अब दूसरे की बारी थी। राजा ने भोगी को बुलाया और उसके हाथ में हजार रुपए थमाते हुए कहा- जाओ बाजार से ऐसी चीज खरीद लाओ जो कमरे को पूरी तरह से भर दे। भोगी आकार में मोटा था। उसके पास पेट के सिवाय कुछ नहीं था। वह हमेशा पेट की सोचता था। वह बाजार से नमकीन खरीद लाया। दुर्भाग्य से हजार रुपए में ऊँट के मुँह में जीरा भर नमकीन मिली। कमरे में नमकीन फैला देने के बावजूद बहुत सारी जगह खाली-खाली दिखाई देरही थी। राजा को भोगी पर बड़ा गुस्सा आया। उसे परीक्षा में खरा नहीं उतरने पर डाँट-फटकार लगाई। वह निराश होकर वहाँ से चला गया।

ढोंगी अपने दोनों भैया के कारनामे बड़े ध्यान से देख रहा था। वह पिता के पास गया और हजार रुपए लेकर बाजार पहुँचा। वहाँ उसने एक मोमबत्ती खरीदी। कमरे में जला दिया। कुछ पलों में मोमबत्ती की रोशनी से कमरा भर गया। राजा अत्यंत प्रसन्न हुआ। उसने राजपाट ढोंगी को सौंपने का निर्णय लिया। इस पर दोनों बड़े भाइयों ने आपत्ति जताई और कहा कि उसने हजार रुपए में से मात्र एक रुपए खर्च कर एक मोमबत्ती खरीदी और बाकी बचे रुपए 999 जेब में ठूस लिए। इसने सीधे-सीधे गबन किया है। गबन के लिए दंड दिया जाना चाहिए न कि राजपाट। लगता है आपका दिमाग सठिया गया है।

राजा ने अपनी दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा- मुझे लगा था कि तुम दोनों आपत्ति जरूर करोगे। योगी और भोगी दोनों तुम यह क्यों भूल जाते हो कि राजनीति में राजनेता पूरा का पूरा पैसा खर्च करेगा तो उसे राजनेता नहीं मूर्खनेता कहेंगे। राजनीति में मूर्खों के लिए कोई स्थान नहीं होता। जनता को हमेशा बहकावो में रखना चाहिए। जनता को बेवकूफ बनाने वाला ही सफल नेता होता है। चीज़ सस्ती ही सही लेकिन जनता को भ्रमित करने वाली होनी चाहिए। उसे उसी में उलझा देना देना चाहिए। ढोंगी ने एक रुपए खर्च कर बाकी बचे रुपयों के साथ गबन नहीं असली राजनेता होने की मिसाल पेश की है।

# वेयर हाउस गोदाम में पानी और शौचालय की समस्या से हमाल परेशान

## वेयर हाउस गोदाम के बोर का उपयोग कर रहा भवन निर्माण करने वाला ठेकेदार, हमालो की सुध लेने की फुरसत नहीं हमाल ठेकेदार के पास

■ ठेकेदार को बोर बनाने के लिए दिया गया निर्देश - मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**नारायणपुर 22 अगस्त।** नारायणपुर जिले के वेयर हाउस चावल गोदाम में कार्य करने वाले हमालो को पानी और शौच के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वेयर हाउस चावल गोदाम में कार्य करने वाले हमालो का कहना है कि पिछले 6 महीनो से शौचालय का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे नहीं बनाए जाने के कारण शौच के लिए गोदाम से 2 किलो मीटर दूर जाना पड़ रहा है वही पानी का बोर लगभग एक माह से खराब पड़ा हुआ है जिसे भी नही बनाया जा रहा है जिसके चलते गोदाम में कार्य करने वाले लगभग 40 हमालो को पानी के लिए बार बार गोदाम से बाहर जाना पड़ता है जिसके चलते समय पर गाड़ी खाली और भरने का काम नहीं हो पाता है । नया गोदाम निर्माण के लिए गोदाम के ठेकेदार द्वारा बोर का उपयोग किए जाने के कारण बोर खराब हुआ है जिसे ठेकेदार द्वारा नही बनाया जा रहा है । वही हमालो के ठेकेदार द्वारा भी हमालो को हो रही परेशानी से कोई मतलब नहीं है लगता है जबकि हम हमाल ठेकेदार के अंडर में काम कर रहे है । ठेकेदार बाहर का है हमालो से मिलने भी महीनो नही आता है , जबकि अन्य जिलों में वेयर हाउस गोदाम के हमालो के लिए पूरी सुविधाएं उपलब्ध की जाती है । कोरोना के समय में भी हम हमाल अपनी जान जोखिम में डालकर काम किए लेकिन हम हमालो की ना ही प्रशासन ने सुध ली ना ही ठेकेदार ने । सुबह से शाम तक वेयर हाउस में आई गाड़ियों को खाली करने से लेकर भरने का काम हम हमाल करते है लेकिन हमारे बारे में सोचने वाला कोई नहीं है । पानी और शौचालय की समस्या को जल्द से जल्द दूर कर हमे राहत पहुंचाया जाए । वही वेयर हाउस के प्रबंधक मंडावी ने कहा कि एम.के. मंडावी ने कहा कि वेयर हाउस गोदाम के बोर का उपयोग गोदाम निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा किए जाने के कारण बोर खराब हुआ है जिसे बनाने के लिए ठेकेदार को बोल दिया गया है ।

## एक नज़र

### जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में लोगों ने उत्साह से लिया हिस्सा



**गीदम 22 अगस्त।** नगर पंचायत क्षेत्र गीदम में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता खेल परिसर जावंगा के मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें नगर पंचायत अंतर्गत स्कूली बच्चे व ग्रामीणों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 14 प्रकार के पारम्परिक खेल जैसे फुगड़ी, बिल्लस, सांखली, बाटी,भौरा व अन्य खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चे व ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जोन स्तर में चयनित खिलाड़ी अब ब्लाक स्तर की प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में नगर पंचायत गीदम के अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक, एकलव्य खेल परिसर के स्टाफ, आदर्श महाविद्यालय के स्टाफ, डीएवी स्कुल के शिक्षक , पीटीआई, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक व नगर पंचायत गीदम के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सभी निर्वाचनों में मताधिकार का उपयोग करने की अपील की

**जगदलपुर 22 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. मंगलवार को धरमपुरा स्थित रेडक्रॉस आस्था निकुंज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचकर वयोवृद्ध मतदाताओं सहित दिव्यांग एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं का सम्मान कर इन मतदाताओं से सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर कलेक्टर ने वयोवृद्ध मतदाताओं राधाबाई, सोनाली, मंगलू बघेल आदि से उनका कुशलक्षेम पूछा। वहीं युवा दिव्यांग मतदाताओं कुमारी डिलेश्वरी, सोमा वेट्टी, निको दीप, कमलू मौर्य से चर्चा करते हुए उनकी पढ़ाई की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय ने सभी निर्वाचनों में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि बुजुर्ग मतदाता अनुभव के भंडार हैं जो लम्बी जिंदगी बिताये हैं और कई चुनाव देखे हैं। हमारे बुजुर्ग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो भावी पीढ़ी को सीख मिलेगी। उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अब मतदान केंद्रों पर रैम्प, व्हील चेयर की व्यवस्था सहित पेयजल, शौचालय इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है जिससे सुगमतापूर्वक मतदान कर सकें। कलेक्टर ने थर्ड जेंडर मतदाताओं से सभी निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाने पर बल देते हुए कहा कि थर्ड जेंडर भी समाज के अंग हैं इन मतदाताओं की मतदान में व्यापक सहभागिता से अन्य मतदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

### प्रतियोगिताओं का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए कर रहे जागरूक

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अगस्त।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम मतदता सूची में जोड़ने हेतु मतदान केन्द्रों में आवेदन प्राप्त किये जा रहें हैं। त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए जिला प्रषासन द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, इसके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में कैंडल वाकेथान, जोहर मतदाता रैली एवं ईव्हीएम की पाठशाला, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग्स प्रतियोगिता, युवा चुनाई मड़ई कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फॉर्मेशन निर्माण, नाम जुड़वाया क्या ?, हल्बी एवं गोंडी भाषा में मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार, महिलाओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता एवं नव विवाहित वधुओं का सम्मेलन, कॉलेजों में नए मतदाता जागरूकता अभियान, छोटे बच्चों द्वारा सीनियर छात्रों एवं अपने पाठकों को संकल्प कराया जाना, जूनियर विद्यार्थियों द्वारा सीनियर विद्यार्थियों को अनुरोध पत्र का लेखन इत्यादि गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिला प्रषासन कांकेर द्वारा अभिनव पहल करते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए रसोई गैस का भी उपयोग किया जा रहा है। ''मतदाता सूची में नाम जुड़वाया क्या ?''

# नवगठित अनुविभाग छिंदगढ़ एवं तहसील दोरनापाल का हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 अगस्त।** आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती 'सदभावना दिवस' के अवसर पर राज्य में 13 अनुविभाग और 18 तहसीलें वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके तहत सुकमा जिले में छिंदगढ़ अनुविभाग (राजस्व)एवं दोरानापाल तहसील का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। वर्तमान में सुकमा जिले में 03 अनुविभाग एवं 6 तहसील हो गए है। नवगठित अनुविभाग एवं तहसील में आज से विधिवत कामकाज शुरू हो गया है।नवगठित अनुविभाग एवं तहसील के शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। छत्तीसगढ़ शासन ने सार्वजनिक सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने और संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिए नवगठित अनुविभाग(राजस्व) एवं तहसील का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन के बीच पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास हासिल करना ही छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य लक्ष्य है। इसलिए छत्तीसगढ़ शासन-प्रशासन का विकेंद्रीकरण कर रही है। साथ ही अनुविभाग एवं तहसील के शुरू होने से लोगों के समय की बचत होगी। इस अवसर पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों लाभान्वित हुए और राजीव युवा मितान क्लबों और ग्राम पंचायतों को मिली परब सम्मान निधि की राशि का आंतरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री विजय प्रताप केश, प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल श्री अजय मारवी, जनपंद पंचायत छिंदगढ़ अध्यक्ष श्रीमती देवलीबाई नाग, जिला पंचायत सदस्य श्री राजूराम नाग और अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा नगर पहुंची,आडिटोरियम में भव्य समारोह

**गीदम 21 अगस्त।** विहंगम योग संत समाज द्वारा जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक संकल्प यात्रा का आगमन गीदम में हुआ। जहां एजुकेशन सिटी जावंगा के आडिटोरियम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।



इस दौरान संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज की दिव्य वाणी एवं अमृत स्वर्वेद कथा श्रवण करने के लिए हजारों की संख्या में अनुयायी गण उपस्थित हुए। दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले से आये समस्त गुरु भाई बहनो ने दर्शन कर बढ़ चढ़ सत्संग एवं अमृत कथा का लाभ लिया। गौरतलब है की 17-18 दिसंबर को वाराणसी मे शताब्दी सभारंभ महोत्सव मे 25,000 यज्ञ कुंड का भव्य आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम मे विशेष अतिथि दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, मुख्य अतिथि जावंगा के पूर्व सरपंच बोमड़ा राम, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, श्यामा उसेंडी,नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी शिवहरे सुराना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनकू राम , जवाहर सुराना, उपाध्यक्ष बस्तरिया समाज सूरजभान, रजत दहिया, बब्बन सिंह, सतेंद्र स्वर्वेदी, प्रांतीय उपाध्यक्ष कुटेश्वर चापड़ी, प्रांतीय अन्न मंत्री महेश चापड़ी, मिडिया प्रभारी उमेश पांडे, बस्तर संयोजक वीरेंद्र निषाद, समन्वयक हरेश साहू, प्रशांत यदु, ओंकार कौशिक उपस्थित रहे। बचेली नगर से आये भजन गायक तारा चंद साहू एवं तबला वादक पांडे के भजनो से सभी श्रद्धालु गण भजन चदरिया झीनी रे झीनी क़ो सुनकर मंत्र मुग्ध हुये। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला संयोजक लल्लू प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक मनी राम मुरामी, सुकमन नाग एवम स्वर्वेद अमृत कथा के मंडली के सभी गुरु भाईयों का विशेष योगदान रहा।

### भारती एयरटेल ने भारत के सभी 22 दूरसंचार सर्किलों में 5-जी सेवाओं के न्यूनतम रोल-आउट दायित्व को सफलतापूर्वक पूरा किया

**रायपुर 22 अगस्त।** भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने दूरसंचार विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, भारत की सभी 22 दूरसंचार सर्किलों में 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम पर 5जी सेवाएं शुरू करने की न्यूनतम रोल-आउट बाध्यता को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह सेवाएं न्यूनतम कवरेज आवश्यकता को पूरा करने के लिए दूरसंचार विभाग के नियमों का पालन करते हुए शुरू की गई हैं। 26 गीगाहर्ट्ज़ द्वारा सक्षम 5जी की व्यापक संभावनाओं के साथ, कंपनी अपने ग्राहकों के लिए एयरटेल 5जी प्लस का सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार नवीनतम तकनीक को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। व्यावहारिक तौर पर एयरटेल के 5त्न नेटवर्क के प्रदर्शन ने, इसकी उल्लेखनीय क्षमता और ग्राहकों द्वारा 5% अपनाने की बढ़ती गति को प्रदर्शित किया है।

# टीबीमुक्त पंचायत के लिए हल्बा में की गई सघन जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा 22 अगस्त।** पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा चारामा विकासखंड के चिन्हित 20 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हल्बा में पंचायत के सभी लोगो को पिरामल स्वास्थ्य टीम के रूपेन्द्र देवदास (डीपीसी) के द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करके आज पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत हल्बा में सघन टीबी जॉच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत घर-घर जाकर लक्षण आधारित लोगो को चिन्हांकित कर उनके सुबह का बलगम जॉच के लिए लिया गया। इस प्रकार पूरे पंचायत में 40 लोगो का बलगम कंटेनर के माध्यम से लिया गया तत्पश्चात उसे पैथालॉजी जॉच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्बा भेजा गया। जॉच रिपोर्ट आने के पश्चात जिनका जॉच रिपोट पॉजिटिव होगा उन्हे स्वास्थ्य विभाग के ओर से निशुल्क दवाईयां एवं ईलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी पंचायत सदस्यों सरपंच संजय उईके, उपसरपंच लालजी यादव, समस्त पंचगण, सचिव, ग्राम पटेल व अन्य ग्रामीणों का तथा आरएचओ मरकाम लैब टेक्नीशियन देवांगन का इस पूरे कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### कवासी लखमा ने क्षेत्र का दौरा कर किया जनसपर्क



**कोंटा 22 अगस्त।** कवासी लखमा जी क्षेत्र का दौरा करते हुए ग्रामीणों से जनसपर्क करते हुए ग्रामीणों का हाल चाल जाना। उन्होंन ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शासन में पुलिस के द्वारा आप सभी ग्रामीण को डराते रहे है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद शांति आयी हैआज 2640 रुपये में धन की खरीदी, देवगुड़ी निर्माण, भूमिहीन किसानों को 07 हजार रुपये, तेंदूपत्ता की नगद खरीदी, कोदो कुटकी को उचित मूल्य पर दिया जा रहा है। आप सभी को इस जगह पर बसाने का काम किया गया। आज कांग्रेस सरकार के द्वारा फ्री में राशन उपलब्ध करा रही है। माननीय मंत्री जी के द्वारा इंजराम में राशन देने में गड़बड़ी करने पर सुब्बा राव को हटाया जाने का आदेश दिया। आने वाले समय मे कांग्रेस पार्टी को समर्थन देना है।

### आत्महत्या रोकने के लिए बच्चों का दी गेट कीपर ट्रेनिंग




**सुकमा, 22 अगस्त।** सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ अभय सिंह तोमर के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ महादेव बारसे के मार्गदर्शन में शासकीय बालक आवासीय विद्यालय पोटा केबिन केरलापल में छात्रों को डीएमएचपी टीम साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन तथा साइकेट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा आत्महत्या गेटकीपर की ट्रेनिंग दी गई। जिसमें आत्महत्या क्या है आत्महत्या के प्रभाव व दुष्प्रभाव व सुरक्षात्मक कारक व आत्महत्या के संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ छात्रों को परिवार व समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने व समाज में जागरूकता लाने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आवासीय पोटा केबिन विद्यालय के अधीक्षक श्री रामशरण विश्वकर्मा व मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक श्री ओम प्रकाश गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनके जीवन में खुशहाली आई है। यह योजना पशुपालकां के लिए अतिरिक्त आय प्राप्त करने का जरिया बना है, साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को विशेष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के लोहत्तर गोठान पशुपालकों के लिए आजीविका का साधन बना हुआ है। इस गौठान में 77 पशुपालकों ने 3709.54 क्विंटल गोबर बेचकर 07 लाख 41 हजार 908 रूपये आय अर्जित किया है। कृषक कंवल सिंह ने बताया कि उन्होंने 865 क्विंटल गोबर बेचकर 01 लाख 73 हजार रूपये आय अर्जित की है, जिससे उन्होंने मोपेड खरीदा है एवं शेष राशि से कृषि कार्य हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किया गया है। गोधन न्याय योजना शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने गोबर से भी जीविकोपार्जन का जरिया उपलब्ध कराया है। कृषक श्री विजय मण्डावी बताते है कि उन्होंने 245 क्विंटल गोबर बेचकर 48 हजार 790 रूपये की आय अर्जित की है, जिससे अपनी पुत्री को नर्सिंग कॉलेज रायपुर में अध्ययन कराने में सक्षम हुआ हूॅ। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हृदय से धन्यवाद देता हूॅ। इसी प्रकार कृषक श्रीमती रंभा ठाकुर ने कहा कि मैंने 271 क्विंटल गोबर बेचकर 54 हजार 186 रूपये की आमदनी प्राप्त किया है।



## दो माह के भीतर 4 पशुओं की हो चुकी है मौत

# गौठान में मर रहे पशु,न सही इलाज न पेट भर दिया जा रहा चारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 अगस्त।** प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका दंतेवाड़ा द्वारा अभियान चलाकर सड़कों पर आवारा घुमने वाले पशुओं की धरपकड़ की जा रही है जिसके तहत पशुओं को काउकेचर के माध्यम से पकड़कर गौठानों में रखा जा रहा है जो स्वागतयोग्य है। देर से ही सही पालिका को आखिरकार प्रशासन ने कुंभकर्णी नींद से जागने पर मजबूर किया जो प्रशंसनीसय है। वहीं दूसरी ओर गौठानों में रखे गए पशुओं को पर्याप्त चारा नहीं मिलने व बीमार गायों का ईलाज भी सही समय पर नहीं कराने के चलते कुछ जानवरों के मौत होने की भी खबर है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर विनीत नंदनवार ने समीक्षा बैठक में नगर पालिका को निर्देश देते कहा था कि सड़कों पर आवारा घुमने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस या पास के गौठानों में रखा जाए। आदेश का पालन हो भी रहा है पशुओं को पकड़ पकड़क वार्ड नंबर 12 नयापारा के गौठानों में रखा गया है। आज की तारीख में भी करीब 20 से 22 पशु गौठान में मौजुद हैं। इन पशुओं को रखा तो गया है सही जगह पर मगर इनके लिए पालिका द्वारा पर्याप्त हरा चारा व दाना भूसी की व्यवस्था नहीं की गई है। आज जब गौठान पहुंच जायजा लिया गया तो यहां के चौकीदार पतिराम पोडियाम ने बताया कि भूसी कल से खत्म हो गया है अब तक भूसा नहीं लाया गया है। पतिराम ने बताया कि केवल भूसी की बोरी ही उपलब्ध करवाया जाता है भूसी के साथ मिलाकर देने वाली चुनी नहीं दे रहे । गौठान के आसपास उगी हुई कुछ हरे चारे को काटकर जानवरों को दे रहे हैं मगर ये पर्याप्त नहीं होता। पतिराम ने बताया कि बीते दो माह के अंदर अब तक 4 जानवरों की मौत हो चुकी है। उन्होने बताया कि एक बछिया की मौत आज ही हुई है। जिनके पशुओं की मौत हुई है उन्होने पालिका अधिकारी पर आरोप लगाते कहा है कि पशुओं को पकड़कर रखने से पशुओं का भला नहीं होगा जब तक उन्हें पेट भर चारा नहीं दिया जाएगा तो वे कैसे जिन्दा रहेंगे। चारा के नाम पर अलग से रूपए लिए जा रहे हैं है बावजूद भरपेट चारा जानवरों को नहीं खिलाया जा रहा है। पेट भर चारा पशुओं को नहीं मिलने की वजह से जानवरों की मौत हो रही है यह आरोप पशुपालकों ने लगाया है। गौठान में न घास की व्यवस्था है न पैरा की। पशुपालकों ने कहा कि घुम घुमकर हरे चारे खाने के लिए हम दिन में पशुओं को छोड़ देते हैं बस सही हमारी गलती है।

– गौठान में आवारा पशुओं को रखने की कारवाई निरंतर चल रही है। पशुपालक पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कर अपने जानवर ले जा रहे हैं। पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा दाना नहीं मिलने की बात गलत है। बीमार गायों का भी वेटनरी चिकित्सक समय समय पर आकर ईलाज कर रहे हैं। पशुओं की देखभाल के लिए हरवक्त 2 कर्मचारी वहां मौजुद होते हैं। जिन पशुओं की मौत हुई है वे किस कारण से मरे हैं इसकी सही जानकारी वेटनरी डॉक्टर ही दे पाएंगे।

**(राजेश कुमार)**
**गौठान प्रबंधक दंतेवाड़ा**
**नगर पालिका परिषद**

# एक नजर

## पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाला अपचारी बालक पकड़ाया

**भाटापारा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पत्थर से मारकर हत्या करने वाले विधि से संघर्षरत अपचारी बालक को पकडा। शहर टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने बताया प्रार्थिया कुवर बाई महासती वार्ड ने थाना मे जानकारी दी , एक अपचारी बालक के द्वारा पप्पू चेलक को गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए जाने से मारने की धमकी देते हुए पास में रखे पत्थर से मारकर चोट पहुचाया है बेहोश हालत मे पडा हुआ है घटना 6 मार्च की है जिसे उपचार के लिए रायपुर ले गये है प्रकरण के आहत पप्पू चेलक का 2 मई को उपचार के दौरान मौत हो गया पुलिस ने प्रकरण में विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से किशोर न्यायबोर्ड बलौदाबाजार पेश किया गया। *उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में प्रधान आरक्षक रानी राठौर का विशेष योगदान रहा।

## सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर चोरी के आरोपी दो अपचारी बालकों को पकड़ा गया

**भाटापारा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश पर शहर टी.आई. योगिताबाली खापर्डे ने चोरी के आरोपी को पकडा। प्रार्थी पुष्पराज आहिरे सुभाष वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि महावीर कॉम्प्लेक्स एक्सीस बैंक के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति जनरेटर में लगा 25 एम.एम. वाली दो कोर वाली कॉपर अर्थिंग तार लगभग 20 मीटर कीमती 5000 रूपया को चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एक अन्य मामले में प्रार्थी राजेश जांगडे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 08- 10 अगस्त के मध्य कोई अज्ञात व्यकित द्वारा एसी कॉपर पाईप को चोरी कर ले गया है दोनो चोरी के प्रकरण मे टी.आई.योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन मे पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की और शहर मे लगे सिटी सर्विलांस की मदद से आरोपियों को पकडा और उनके पास से चोरी किये सामान को जप्त किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में प्रधान आरक्षक राजेश सेन, जेठू मनहरे आरक्षक उमेश वर्मा,सीताराम ध्रुव सिटी सर्विलांस प्रभारी विनोद सिंह आरक्षक दिनेश नेताम, इंद्र कुमार सोनी, जीतराम पटेल का विशेष योगदान रहा।

## विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई मताधिकार की जानकारी



**भाटापारा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में तहसीलदार पेखन टोन्डरे के मुख्य अतिथि मे संपन्न हुआ छात्र-छात्राओं से भारतीय संविधान एवं नागरिकों को प्राप्त मताधिकार के संबंध में चर्चा की आगामी चुनाव को लेकर छात्रों की भूमिका एवं नए विद्यार्थी जो प्रथम बार मतदान करेंगे उन्हें लोकतंत्र के बारे में जानकारी प्रदान करें कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रचार डॉ ए एल ध्रुवंशी, स्वीप कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार, ऋषि राज पांडे, रीता दीवान, राम आशीष श्रीवास्तव, दिलीप कुमार सोनी, अनुराधा टंडन मतदाता कार्यक्रम से संबंधित अतिथि महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ लिया कि आगामी चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाचन प्रक्रिया में निभाएंगे।

# कब्जा हटाने का विरोध, जेसीबी पर चढ़ गईं महिलाएं, 50 से ज्यादा पर केस

**■ एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी से झूमाझटकी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 22 अगस्त।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल नगर पंचायत से 16 किमी. की दूरी पर गिरौधपुरी धाम में अतिक्रमण हटाने के दौरान जमकर बवाल हो गया। कब्जा हटाने के लिए एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे थे, साथ ही भारी मात्रा में पुलिस फोर्स भी तैनात की गई थीं। इसी बीच अतिक्रमणकारियों की पुलिस से झूमाझटकी हो गई। जिसके बाद गांव के लोग जो अतिक्रमण हटवाना चाहते थे उनकी भी अधिकारियों से बहस हुई साथ ही अतिक्रमणकारियों और गांव के लोगों में भी झड़प हो गई। जानकारी के मुताबिक शासकीय जमीन पर अस्पताल निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। इसे लेकर गांव के लोगों ने प्रस्ताव भी दे दिया है। जबकि उसी जमीन पर जायसवाल समाज अपना कब्जा होने का दावा कर रहा है और जमीन पर सामाजिक भवन का निर्माण करना चाहता है। गांव के लोग यहां अस्पताल बनवाना चाहते हैं।

**जेसीबी के सामने खड़ी हो गईं महिलाएं:** सोमवार को एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी पुलिस बल के साथ कब्जा हटाने जेसीबी लेकर पहुंचे थे। जैसे ही अधिकारी और फोर्स कब्जा की हुई दीवार को तोड़ने जेसीबी मशीन चलाने लगे। जायसवाल समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। महिलाएं, जेसीबी के सामने खड़ी हो गई और टीम के अधिकारी, कर्मचारियों और पुलिस जवानों को मारने के लिए हाथों में ईट व पत्थर तक उठा लिए।

**अधिकारियों ने दी समझाइश:** जब अधिकारियों में उनसे जमीन से जुड़े कागजात की मांग की तो वे कुछ भी पेश नहीं कर सके। कब्जाधारियों को, अधिकारियों ने समझाया कि शांति से कब्जा हटाने दो क्योंकि जमीन शासकीय है। यहां अस्पताल बनाने के लिए पंचायत प्रस्ताव भी है। इसी बीच गांव के लोग भी अस्पताल बनाने के पक्ष में आगे आए जिसे लेकर जायसवाल समाज के लोगों से, गांव के लोगों की भी बहस हुई। आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने कब्जा हटाने की कार्रवाई को रोक दिया। वही गांव के लोग कब्जा नहीं हटाने पर, अधिकारियों पर भी आक्रोशित हो गए साथ ही एसडीएम ऑफिस पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की मांग की। जिसके बाद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बैठाकर, समझाकर मामले को शांत कराया।

**सरकारी काम में बाधा डालने का केस:** पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने का केस भी दर्ज किया है जिसमें 50 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है हालांकि इनमें से किसी की भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सोनाखान पुलिस ने की अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाने वाले वाहन पर कार्रवाई

# कंटेनर से 60 बछड़ों को छुड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 22 अगस्त।** शिवरीनारायण से शनिवार की रात 11 बजे के लगभग आ रही कंटेनर को मवेशी होने की सूचना पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीछा किया जिससे अनियंत्रित कंटेनर के चालक ने बजरंगियों की स्कॉर्पियो वाहन पर घातक हमला कर दिया। इधर बजरंगियों की सूचना पर गिरौधपुरी पुलिस भी कंटेनर को रोकने लगी रही लेकिन अनियंत्रित कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार से भारी कंटेनर को महाराजी के रास्ते नवागांव नाका के साईड बैरियर को तोड़ते हुए घुस गई। जिसके बाद आगे कोठारी के पास कंटेनर , कीचड़ युक्त सड़क में जा फंसा।

जिसके बाद सोनाखान पुलिस चौकी प्रभारी और उनके स्टाफ द्वारा कोठारी के समीप खराब सड़क में मवेशी भरकर खड़ी एक कंटेनर को जब्त किया गया है। इधर जांच के बाद ट्रक में लगभग 60 बछड़े लदे थे जो लापरवाही पूर्वक कंटेनर चलाने पर दो बछड़ा की दबकर मौत हो गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अति0 पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी लखेश केंवट थाना प्रभारी कसडोल व चौकी प्रभारी राजेन्द्र पाटिल सोनाखान के मार्गदर्शन में अवैध पशु परिवहन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ कर कार्यवाही करने के प्राप्त निर्देश दिये गए है। उक्त निर्देशों के परिपालन पर 19 अगस्त को चौकी सोनाखान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही किया गया, जहा कंटेनर क्रमांक सीजी 04 एन के 6091 को पकड़ा गया है। आरोपी चालक और खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। कंटेनर को चेक करने पर उसके अंदर 60 बछड़े भरा हुआ मिला, जिसमें से 02 बछड़ा मृत पाया गया। कार्यवाही मे चौकी प्रभारी सउनि राजेन्द्र पाटिल सोनाखान, प्रधान आरक्षक महेंद्र जोगी, आरक्षक धीरेंद्र मधुकर, भुवनेश्वर कोसले, कृष्णा जांगड़े, प्रिबेंकर रात्रे, कमल सिंह कंवर, संजय केवट, हरिशंकर पैकरा की सराहनीय भूमिका रही।

**हरियाणा की ट्रक नंबर रायपुर का:** अवैध रूप से मवेशियों को ले जा रही कंटेनर के चेसिस नंबर से पुलिस को पता चला कि उक्त कंटेनर छत्तीसगढ़ की नहीं बल्कि हरियाणा की है जिसका असली नंबर एच आर 55 क्यू 0627 है जिसका मालिक गुड़गांव निवासी अलका इलाहाबाद है। बहरहाल फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मवेशियों की तस्करी करने वाले कंटेनर के चालक और खलासी कंटेनर के फंसते ही फरार हो चुके है। वहीं पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कंटेनर में फर्जी नंबर क्यों लिखा गया है कंटेनर में भरे मवेशियों को कहां के कत्ल खाने में ले जाया जा रहा था इन सभी विषयों की जांच हो रही है।




**वन विभाग का काम भगवान भरोसे**

अवैध कार्य रोकने शासन प्रतिमाह करोड़ों रुपए खर्च करती है इसके लिए बाकायदा सभी जांच चौकियों में, चौकीदारों की नियुक्ति भी की गई है परंतु वेतन लेकर काम नहीं करने के आदि वनकर्मी रात 10 बजे से ही जांच नाका खोलकर, अपने घरों में सोए रहते हैं। लिहाजा मवेशियों से भरी उक्त कंटेनर लगातार दो नाकों का बैरियर तोड़कर आगे निकल चुकी थी। बेरियर टूटने की जानकारी भी वन विभाग को नहीं लगी वरना मवेशियों से लदी कंटेनर, पहले ही वन जांच चौकी के बेरियर में ही पकड़ी जा सकती थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 अगस्त।** स्थानीय विश्राम गृह छुरा में ब्लॉक कॉंग्रेस के नेतृत्व में स्व. राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई कार्यक्रम में राजीव गांधी जी के छाया चित्र में माल्यार्पण कर नमन किया गया उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, देश के युवाओं को कंप्यूटर और दूर संचार क्राँति के जरिए विश्व में पहचान दिलाने वाले, बेहद ही मधुरभाषी, ईमानदार व भले इंसान और युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत, थे वहीं नगर पंचायत के एल्डरमैन सलीम मेमन ने कहा कि आज जो नया भारत हम सभी देख रहे है।उन्हीं की देन है हरेक जाती, धर्मो के लोगों को आप सदा याद आयेंगे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी को उनकी जन्म दिवस पर सादर प्रणाम वहीं नगर पंचायत के एल्डरमैन लोकेश्वर वर्मा ने कहा कि शानदार शख्सियत जिसने सभी क्षेत्रों में भारत का नाम रोशन किया देश को विकास के मार्ग पर तेज गति से चलाया तथा जिंदगी देश के लिए ही कुर्वान कर दी शत शत नमन ऐसे वीर पुरुष कोआपका जीवन हमारी प्रेरणा कंप्यूटर ओर संचार क्रांति के जनक भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन। राष्ट्र के लिए उनका योगदान सदैव स्मरण रहेगा।वहीं वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक दीक्षित ने कहा कि हम उनकी 21 वीं शताब्दी के लिए, दूरसंचार में क्रांति के अग्रदूत होने के लिए, पंचायती राज को प्रभावी बनाने के लिए और इस देश के युवाओं को नई दिशा देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व . राजीव गांधी जी की जन्म दिवस पर उन्हें शत शत नमन एव श्रद्धांजलि अर्पित करते है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कॉंग्रेस के सदस्य राजा यसपेन्द्र शाह, जिला कॉंग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, जिला महामंत्री अशोक दीक्षित, प्रहलाद यदु प्रदेश सचिव युवा कॉंग्रेस आकाश दीक्षित एवं समस्त कॉंग्रेस कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# मोटर पंप का केबल चुराने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 22 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने चोरी गये मशरुका के साथ चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार है कि प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसका खेत तिल्दा बस्ती के ताला खार में स्थित है। यह अपने खेत में पानी पलाने हेतु 03 एच.पी. का मोटर पम्प लगाया था। 16 अगस्त की रात्रि में अज्ञात चोर ने चालू हालात में मोटर पम्प के केबल वायर को काटकर केबल वायर एवं मोटर पम्प को चोरी कर लिया है जब सुबह यह अपने खेत गया तो देखा कि ताला में डाले गये मोटर पम्प केबल वायर सहित नहीं था और कुछ केबल को आरी ब्लेड से काटा वह वही पड़ा हुआ मिला। मोटर पम्प को आसपास ढूंढा लेकिन नही मिला कि कोई अज्ञात चोर मोटर पम्प का केबल वायर सहित जुमला कीमती 20000/रू को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतातलाश में लिया गया। दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार कर प्रार्थी व साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये। दौरान विवेचना के मुखबीर सूचना के आधार पर संदेहियो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये जिनसे गवाहो के समक्ष कथन लेखबद्ध किया गया जिसमें दोनों मिलकर चोरी करने की योजना बनाकर 03 एच.पी. का मोटर पम्प और केबल वायर को मिलकर चोरी करना तथा केबल वायर, 03 एच. पी. के पम्प, सायकल और ऑरी ब्लेड को मेघूराम साहू के घर में छिपाकर रखना साथ चलकर बरामद करा देना बताने पर दोनो आरोपियो के मेमो0 कथनानुसार मेघूराम साहू के घर से घटना में प्रयुक्त एक नग सायकल, एक नग ऑरी ब्लेड, 03 एच.पी. मोटर पम्प, केबल वायर को समक्ष गवाहान् जप्त किया गया, अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपीगण को विधिवत् समय सदर में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपियों के परिजन को दी गई।

# भूपेन्द्र ने पेश की दावेदारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गुण्डरदेही, 22 अगस्त।** संकल्प शिविर के अवसर पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार दिल्लीवार ने गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा जिला बालोद अध्यक्ष संतु राम पटेल को अपना आवेदन दिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम जनपद सभा अध्यक्ष दुर्ग, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्ग, पूर्व विधायक दुर्ग दाउ ढालसिंह दिल्लीवार को अपना आदर्श मानने वाले भूपेन्द्र कुमार दिल्लीवार कांग्रेस के विभिन्न पदों सचिव बालोद जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण), स्थाई आमंत्रित सदस्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुंडरदेही, सचिव जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के दायित्वों का निर्वहन करते हुए सन 2007 राजनांदगांव लोकसभा उपचुनाव में खुज्जी विधानसभा बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई थी जिसे पूरा निभाते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी देवव्रत सिंह उपचुनाव में विजयी हुए थे सन 2008 एवं सन 2013 विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पुनः बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी दी थी यह सीट भाजपा से छीनकर कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू ने जीत दर्ज की द्य दंतेवाड़ा उपचुनाव असम चुनाव में अपनी टीम के साथ बूथ प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई थी।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है राहुल मुंधड़ा पिता एच.पी. मुंधड़ा निवासी समता कालोनी रायपुर कास्तकार ग्राम औरेंठी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम औरेंठी प.ह.नं. 16 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 105/4 रकबा 0.0680 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 04.09.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308090100001/A-21**

विषयः- अ-21
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2022-2023

छीरपानी प.ह.न. 00024
[ 90/3( 0.1620 हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- श्री योगेन्द्र नेताम,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री योगेन्द्र नेताम पिता स्व. बंशीलाल नेताम, जाति गोड़ निवासी कालकापारा, वार्ड नं. 10, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम छिरपानी, प.ह.नं. 24. तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 90/3 रकबा 0.40 एकड़ 0.162 हे, में से 0.20 एकड़ भूमि को ग्राम बागरेकसा में भूमि क्रय करने एवं मकान निर्माण करने हेतु गैर आदिवासी के पास विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.08.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.प्र.क्र./202307111500033/ अ-6/2022-23
रायपुर, दिनांक 21/08/2023

प्रति,
श्रीमती मीरा दत्ता पति एस.एम. दत्ता,
निवासी- एरीगेशन कॉलोनी
राजेन्द्र नगर रायपुर ( छ.ग. )
द्वाराः- मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर ( छ.ग. )

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदिका श्रीमती मंजू सोनी पति श्री बृजेश सोनी निवासी- स्टेशन रोड वर्तमान पता अनमोल विहार गुढ़ियारी रोड श्रीनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52. तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 123/1/ड/1, रकबा 1471 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती मीरा दत्ता पति एस.एम. दत्ता निवासी- एरीगेशन कॉलोनी राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/12/2000 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 28/08/2023 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती ऋचा मुंदड़ा पति राहुल मुंदड़ा निवासी गुलमोहर समता कालोनी रायपुर कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1030/90 रकबा 0.0253 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 04.09.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है आवेदक लक्ष्मण पिता स्व. मनाराम जाति सोनकर निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1692/1 रकबा 0.4240 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 04.09.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती लेखा चावड़ा पति मितेश चावड़ा निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1030/89 रकबा 0.0131 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 04.09.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव ( छ.ग. )

E-mail-eeraj-phe-cg@nic.in

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में UPVC/HDPE पाईप लाईन जोडने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की मुहरबंद निविदाएं दिनांक 16.08.2023 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 23.08.2023 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 06.09.2023 (शाम 5:30 बजे) तक है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | योजना/ग्राम का नाम | निविदा की लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 299 | 144510 | मानपुर | मूचर (पंचम आमंत्रण) | 16.78 |
| 2 | 300 | 144511 | मानपुर | बोरिया मोकासा (पंचम आमंत्रण) | 100.60 |
| 3 | 301 | 144512 | खैरागढ़ | टेकापारखुर्द (पंचम आमंत्रण) | 48.32 |
| 4 | 302 | 144513 | छुरिया | दामाबंजारी, भेजराटोला, (हालाडुला) (द्वितीय आमंत्रण) | 154.93 |
| 5 | 303 | 144514 | छुईखदान | बाघमर्रा, गेरूखदान (द्वितीय आमंत्रण) | 143.44 |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-04437/6

## एक नजर

### सरेआम शराब पीते 17 पकड़ाए

**रायपुर, 22 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 17 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पलिस ने लालपुर ओव्हरब्रीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी हर्ष लछवानी 20 वर्ष, पवन आहुजा 23 वर्ष व रोहित कस्तुरिया 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी दीनेश नौरंगे 32 वर्ष व प्रसांत साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी अनुप कुमार बाला 26 वर्ष व सूरज सोना 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी धनराज मसीह 38 वर्ष व पवन यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर देवांगन 40 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी निलेश चंदानी 20 वर्ष, मुकेश पाण्डे 36 वर्ष, नंदनी कुर्रे 35 वर्ष, गोपी वर्मा 30 वर्ष व टिकेश सेन 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी किशोर नौरंगे 28 वर्ष व गंगाराम यदू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 22 अगस्त।** मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 4 लाख 5 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी ज्योति रजक 34 वर्ष वार्ड 39 बसंतपुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी अश्वनी जैन व उसकी पत्नी स्वेता जैन ने प्रार्थिया को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जिसके एवज में आरोपियों ने 1 अक्टूबर 2020 से 27 नवम्बर 2021 के मध्य अलग-अलग किस्तों में कुल 4 लाख 5 हजार रुपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं लगवा पाए, तो प्रार्थिया ने अपना पैसा वापस मांगा। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रक्षाबंधन के मौके पर राखी स्टोर

**रायपुर 22 अगस्त।** रक्षा बंधन का त्योहार भाई-बहनों के बीच अटूट बंधन का प्रतीक है। यह त्योहार उनके प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने का एक बेहतरीन समय होता है। अपने प्यार का इजहार करने के लिए सोच समझ कर खरीदे गए स्टाइलिश गिफ्ट से बेहतर तरीका और कोई हो नहीं सकता है। इस साल हम यह त्योहार 30 अगस्त को मनाने जा रहे हैं। यह शुभ अवसर जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वहीं अमेजन फैशन भी भाई-बहन के बंधन को व्यक्त करने वाले उपहारों के ढेर सारे विकल्पों के साथ पूरी तरह से तैयार है। राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट्स में फैशनेबल और खूबसूरती से भरपूर उपहारों का एक विशाल कलेक्शन उपलब्ध है।

### फोर्टिस हेल्थ केयर के साथ कोल इंडिया ने किया एमओयू

**रायपुर 22 अगस्त।** लोगों की जिंदगी बचाने में सदैव प्रयासरत फोर्टिस हेल्थ केयर ने थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिए कोल इंडिया लिमिटेड से हाथ मिलाया है. ये पहल कोल इंडिया के सीएसआर इनिशिएटिव थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के तहत की गई है. इस पार्टनरशिप के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में 28 जुलाई को एमओयू साइन किया गया था. इस दौरान कोल इंडिया की सीएसआर जनरल मैनेजर रेणु चतुर्वेदी, थैलेसेमिक्स इंडिया की सचिव शोभा तुली, फोर्टिस हेल्थ केयर के ग्रुप सीओओ अनिल विनायक, फोर्टिस गुरुग्राम में हेमेटोलॉजी व बोन मैरो ट्रांसप्लांट के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉक्टर राहुल भार्गव समेत फोर्टिस के अन्य सीनियर लोग मौजूद रहे. कोल इंडिया ने 2017 में थैलेसीमिया बाल सेवा योजना की शुरुआत थैलेसीमिया से ग्रसित वंचित बच्चों को इलाज मुहैया कराने के लिए की थी. 2020 में इस प्रोग्राम में एप्लास्टिक एनीमिया को भी जोड़ दिया गया।

### 10वां आईएमई-2023 इंटरनेशनल एक्जीबिशंस एंड कांफ्रेंस 6 नवंबर से

**रायपुर 22 अगस्त।** दसवें, चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खनन, उपकरण और खनिज (आईएमई 2023 ) प्रदर्शनी का आयोजन कोलकाता में 6 नवंबर 2023 से होना निर्धारित है। इसमें तीस (30) से अधिक देशों के प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ चलने वाली 10वीं एशियाई खनन कांग्रेस एक ऐसा मंच मुहैया कराएगी जो खनिज उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रगति के लिए उन्नत तकनीकी-वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के लिए काम करेगा। इससे स्थायी व्यवसाय के नए अवसरों के विकास के अलावा, एशियाई और वैश्विक खनन समुदाय दोनों को लाभ होगा। अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ -साथ खनन, खनिज और संबद्ध उद्योगों के लिए संसाधनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# अब मोवा ओवरब्रिज में गड्ढे



**रायपुर 22 अगस्त।** करोड़ों की लागत से निर्मित मोवा ओवरब्रिज की सांसे अब अटकने लगी है। इस ब्रिज के निर्माण को बहुत ज्यादा वर्ष नहीं हुए हैं लेकिन संभवतः निर्माण में गड़बड़ी के चलते यह उड़नपुल धीरे-धीरे जर्जर होने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। पुल की हालत से पता चलता है कि इसमें भी घोटाले की निर्माण सामग्रियां इस्तेमाल की गई है। बराबर रखरखाव व नियमित देखभाल के अभाव में ब्रिज की परतें उखड़ने लगी है। जोड़ वाले स्थान खुलने लगे हैं। इसमें से पानी रिस रहा है। जोड़ यदि खुल गए तो बड़ा हादसा हो सकता है। वर्तमान में ही जोड़ वाले स्थान पर गड्ढे हो गए हैं। इससे वाहन चालकों को झटके तो लगते ही हैं वाहन अनियंत्रित भी हो जाते हैं। इससे पूर्व भी कुछ और ओव्हरब्रिज के निर्माण में गड़बड़ियां सामने आई थी। एक ओव्हरब्रिज को तो पूरा तोड़ना पड़ गया था। मोवा ओवरब्रिज में हर तीस फीट में गड्ढे हो गए हैं। यह ओवरब्रिज बलौदाबाजार-भाटापारा जिला को जोड़ने वाले मार्ग पर है।

## वन्य जीव पैंगोलीन के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अगस्त।** खरोरा पुलिस के टीम ने ग्राम बुड़ेनी के पास वन्य जीव पैंगोलीन बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुड़ेनी के पास एक युवक वन्य जीव बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परदेशी पारधी 22 वर्ष वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से पैंगोलीन जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा वन्य जीव स.अ. 9,29,, 51,52 के तहत कार्रवाई की है।

## सिक्सलेन में पशुओं की हो रही मौत पर सीएस ने जताई चिंता

■ पुलिस और कृषि विभाग को दिए निर्देश

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अगस्त।** मुख्य सचिव ने शासन के विभिन्न विभागों को निर्देशित किया है कि वे आवारा पशुओं की मुख्य मार्गों में हो रही मौतों को रोकने के लिए प्रयास करें। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने पशुपालन, परिवहन, कृषि एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक ली है। रायपुर-बिलासपुर के बीच सिक्सलेन में तेज चलने वाले वाहनों के कारण कई बेजुबान पशु मौत के शिकार हो रहे हैं। वहीं अन्य प्रमुख मार्गों में भी आवारा पशु सड़क पर बैठे रहते हैं जिससे हादसे हो रहे हैं। मुख्य सचिव ने नगरीय निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि रायपुर सहित अन्य नगरीय निकायों में सड़क दुर्घटना में पशुओं की मौत को रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाए। आज की बैठक में कृषि विभाग के उत्पादन आयुक्त, परिवहन विभाग के प्रभारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। मंत्रालय के अनुसार इस समय केंद्र शासन द्वारा भी इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसी को लेकर आए दिन मंत्रालय में बैठकें हो रही है। ज्ञात रहे एनएच-6 तथा रायपुर-बिलासपुर के अलावा कई मार्गों को फोरलेन से सिक्सलेन कर दिया गया है। यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चरते हुए मुख्य मार्गों पर आ जाते हैं। सरपंचों को भी कई बार निर्देश दिया गया है लेकिन चरवाहे इन्हें चराते हुए यहां तक ले आते हैं जिससे ये हादसे हो रहे हैं।

# पीएससी के नए चेयरमैन की तलाश तेज

### रायपुर के संभागायुक्त का नाम चर्चा में, उद्यानिकी विवि के कुलपति का चयन रुका

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की जानी है। लेकिन राजनीतिक उठापटक के चलते यह नियुक्तियां नहीं हो पा रही है। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष पद के लिए आईएएस अधिकारी को नियुक्त किए जाने की चर्चा है। वर्तमान में पीएससी के चेयरमेन विवादों के कारण काफी चर्चा में हैं। मिली जानकारी के अनुसार छग लोकसेवा आयोग के पद पर वर्तमान में जिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है उनका पुराना कार्यकाल काफी चर्चित रहा है। अब पीएससी में होने वाली नियुक्तियों को लेकर वे काफी चर्चा में हैं। बताया जाता है कि उन्हें सरकार द्वारा सेवा अवधि में वृद्धि दी जा रही है। छः महीने का कार्यकाल बढ़ाया गया है। वैसे यहां पर नए चेयरमेन की तलाश शुरू हो गई है। रायपुर संभाग के संभागायुक्त का नाम इस समय चर्चा में हैं। संभाग आयुक्त साहित्यकार एवं अच्छे विचारक हैं। इसलिए उन्हें नया चेयरमेन बनाने की कोशिश की जा रही है।

### आयुष विवि के कुलपति पद पर नियुक्ति नहीं

प्रदेश में इस समय आयुष विवि की स्थापना की गई है। यहां पर कुलपति का पद भी रिक्त पड़ा हुआ है। मेडिकल कालेज के कई प्रोफेसर एवं डीन इसके लिए प्रयासरत हैं। स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य संचालक के पद पर कमलेश वर्मा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। फिलहाल यहां पर नर्सिंग एवं मेडिकल कालेज में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का कार्य चल रहा है। जयप्रकाश मौर्य छुट्टी पर चले गए हैं। उद्यानिकी विवि में भी कुलपति के पद के लिए पैनल बनाया गया है लेकिन अभी तक किसी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। कृषि और उद्यानिकी विवि के बीच कई मामलों को लेकर विवाद चल रहा है।

## 8 किलो गांजा के साथ 3 युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अगस्त ।** भनपुरी तिराहा के पास खमतराई पुलिस ने गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 किलो गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भनपुरी तिराहा स्थित महेश कोल्ड के पास तीन युवक संदिग्ध दिख रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपियों ने अपना नाम शांता कुमार 33 वर्ष, शांता बाग व शशिकांत बाग बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास रखे लाल रंग के बैग को चेक किए तो उसमें 8 किलो गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### प्रीमियम बैंकिंग सेवा संपन्न लॉन्च

**रायपुर 22 अगस्त।** भारत के निजी क्षेत्र केसबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज एक प्रीमियम बैंकिंग पेशकश, संपन्न के लॉन्च की घोषणा की,जिसे विशेष रूप से ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विकास के इच्छुक और प्रगतिशील ग्राहकों के लिए विशेष रूप तैयार किया गया है। यह नई पेशकश आरयूएसयू (ग्रामीण और अर्ध-शहरी) ग्राहकों के लिए है, जो एक्सिस बैंक की ग्राहक केंद्रित मॉडल के प्रति प्रतिबद्धता का अंग है। सम्पन्न, एक्सिस बैंक के नए दौर के भारत की ज़रूरतों को पूरा करने और वित्तीय समाधानों तक आसानी से पहुंचाने के मिशन का अंग है।

## महिलाओं ने की सामूहिक वरलक्ष्मी पूजा



**रायपुर 22 अगस्त।** तिरुमला तेलुगू महिला समाज द्वारा सेक्टर 5 आंध्र भवन में श्रावण मास के पहले शुक्रवार को वरलक्ष्मी पूजा सामूहिक रूप से 300 महिलाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सम्मानीय देवेंद्र यादव जी सहपत्नी डॉ. श्रुतिका यादव जी, विशेष अतिथि आंध्रा एसोसिएशन की सचिव विजयलक्ष्मी जी विशेष रूप से उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने सभी महिलाओं को वरलक्ष्मी वरतम की शुभकामनाएं देते हुए कहा तिरुमला तेलुगू महिला समाज की अध्यक्ष जया दीदी और उनके कमेटी के मेंबर्स द्वारा एक परिवार के रूप में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है और यहां की बहने लगातार कोई ना कोई कार्य करती रहती है इस तरह के सामूहिक पूजा से एक पॉजिटिव उर्जा आपस में मिलती है हर कोई अपने घर में पूजा करता है लेकिन यहां इतने सारे महिलाओं द्वारा एक ही स्थान पर पूजा की गई इसके लिए मैं पूरे समाज को बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम में कुसुमा राव, बी. बसावम्मा,विजयलक्ष्मी, रेखा राव, शारदा, ललिता राव, बी भवानी, जया , जी पदमा , दीपिका , तारा, मनगा,मनसा, प्रभा रेड्डी, ईशा, रमा गोतरी, अनंतलक्ष्मी ,जी सरस्वती, ओ राजेश्वरी, मीनाक्षी छाया राव, पदमा राव, बी रमा, रोहिणी रेड्डी, एस दमयंती,एन द्रौपदी, देवकी रेड्डी, के वकुला,नमिता रेड्डी,शारदा राव, पी माधवी, धनलक्ष्मी, रंजु रेड्डी , देवी रेड्डी, लक्ष्मी पार्वती, प्रभा राव, सैलजा, के पदमा,कलावती, के राजेश्वरी, पी राजेश्वरी, राजेश्वरी,उषा, जानकी, विमला, कोंडम्मा, के कल्याणी आदि सम्मिलित थी।

# कांग्रेस का दिव्यांग सेवा सद्भावना शिविर आरम्भ



**रायपुर 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय दिव्यांग सेवा सद्भावना शिविर का भारतरत्न राजीव गांधी के जन्मदिवस पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा , डॉ सुनील कालड़ा ने शुभारंभ किया । भारत में कम्प्यूटर युग के प्रणेता राजीव गांधी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । शिविर में कटे फ़टे होंठ व तालु के जन्मजात विकृति के बच्चों का परीक्षण ऑपरेशन शिविर का आयोजन कालड़ा बर्न व कास्मेटिक सेंटर में डॉ सुनील कालड़ा के मार्गदर्शन में किया गया है । शिविर राजीव गांधी के जन्मदिवस से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जन्मदिन 23 अगस्त तक आयोजित किया गया है । मुख्यमंत्री के 62 वे जन्मदिन के अवसर पर 62 दिव्यांगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है । जिसमें कटे फ़टे होंठों के ऑपरेशन सहित वैशाखी वितरण , श्रवण यन्त्र का वितरण किया जावेगा साथ ही हाथ पैर कटे दिव्यांगों का परीक्षण किया जावेगा । कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि चार दिवसीय शिविर में कटे फ़टे होंठ के बच्चों का परीक्षण डॉ सुनील कालड़ा द्वारा किया गया और 26 बच्चों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया है।जिनके होंठ तथा तालू में छिद्र का निःशुल्क ऑपरेशन किया जावेगा । अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने इस अवसर पर कहा कि कई बच्चों के जन्म से चेहरे विकृत होते हैं जिससे उन्हें खाने पीने में दिक्कत होती है , बोलने में उच्चारण सही नही हो पाता व बच्चों व माता पिता में हीन भावना पैदा हो जाती है । डॉ सुनील कालड़ा द्वारा ऐसे बच्चों के चेहरे ऑपरेशन से ठीक किये जावेंगे । महेन्द्र कोचर ने बताया कि ये ऑपरेशन प्राइवेट में कराने से लगभग 25 से 30 हजार रुपये का खर्च आता है जिसे प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के माध्यम से डॉ सुनील कालड़ा द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है ।

मुलाकात...



**रायपुर 22 अगस्त। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान एवं मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि युवा चेंबर पदाधिकारी ''चेंबर आपके द्वार'' कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के व्यापारिक संघों से होलसेल कॉरिडोर के विषय को लेकर मुलाकात कर रही है।**

# सायबर अपराध से निपटने पुलिस को और अधिक सतर्क होने की जरूरत : डीजीपी

**रायपुर 22 अगस्त।** पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा के मुख्य आतिथ्य में आज पुलिस मुख्यालय नवा-रायपुर में 02 दिवसीय गूगल और पेटीएम साईबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस मुख्यालय और वित्तीय कारोबार संचालित करने वाली गूगल एवं पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी (अतिरिक्त/ उप पुलिस अधीक्षक स्तर) एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों एवं रेंज स्तर से साईबर थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को साईबर ठगी की रोकथाम और त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि साईबर अपराध ठगी और ब्लेकमेलिंग जैसी अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों को और अधिक सर्तक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के अलावा डॉटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 भी लागू हो गया है। इसमें साईबर ठगी के बढ़ते मामलों से निपटने और अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय से दण्डित कराने के प्रावधान किये गये हैं, इन प्रावधानों से साईबर अपराधियों को दण्ड दिलाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साईबर क्राईम श्री कवि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री एसआरपी कल्लूरी, श्री हिमांशु गुप्ता सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दक्षिण विधानसभा से युकां के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने किया आवेदन



**रायपुर 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने आज रायपुर जिले की दक्षिण विधानसभा सीट पर आज जिला कांग्रेस कमेटी में चार ब्लॉक अध्यक्षों के समक्ष विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना आवेदन दाखिल किया आकाश शर्मा आज अपनी सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस भवन पहुंचकर ब्लॉक अध्यक्षों के समक्ष आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना आवेदन दाखिल किया ब्लॉक अध्यक्ष सुमित दास,नवीन चंद्राकर,प्रशांत ठेंगड़ी,दीपा बग्गा के समक्ष अपना आवेदन पेश किया आकाश शर्मा एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस भवन में जमकर नारेबाजी की गई साथ ही आकाश शर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ ÷जो विधायक निकम्मा है वह विधायक बदलना है÷ जैसे नारे लग जाए।।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा मैं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा प्रदेश अध्यक्ष दीपक दीपक बैज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल से धन्यवाद देता हूं कि कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसी प्रक्रिया निकली है की कोई भी विधानसभा चुनाव लड़ने का इच्छुक कार्यकर्ता अपने ब्लॉक अध्यक्ष को अपना आवेदन दे सकता है उसी के तहत आज मैंने रायपुर जिले की दक्षिण विधानसभा सीट से विधानसभा के अंतर्गत चारों ब्लॉक अध्यक्षों को अपना आवेदन दिया और चुनाव लड़ने की दावेदारी की लगातार दक्षिण विधानसभा में 35 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा है इस बार सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इस विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को जीतने का कार्य करेगी हम सब जनता के बीच में कांग्रेस सरकार के कार्य माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के जनकल्याणी योजनाएं को लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे और पार्टी को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे यदि पार्टी मुझे मौका देती है इस बार पार्टी को इस विधानसभा में विजय दिलाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे यदि टिकट नहीं मिलती तो आम कार्यकर्ताओं की तरह हम सब मिलकर कांग्रेस पार्टी को जिताने का कार्य करेंगे और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार लाएंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23